卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 201 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦1 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बारातियों की कार दुर्घटनाग्रस्त 3 महिलाओं की मौत, 7 घायल



शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। शक्तिफार्म से पूरनपुर पीलीभीत जा रही बारात में शामिल इनोवा कार स्कूटी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गयी जबकि सात लोग घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले गया। घटना से शादी की खुशियां मातम में बदल गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तीनों शव परिजनों को सौंप दिये हैं। जानकारी के अनुसार बैकुंठपुर शक्तिफार्म नंबर 1 निवासी नरोत्तम सरकार उर्फ बंटी की बारात मंगलवार शाम चंदिया हजारा राहुल नगर जिला पीलीभीत के लिए रवाना हुई थी। बारात में शामिल इनोवा कार जब हाजरा चंदिया से 2 किमी पीछे जंगल में जा रही थी तभी विपरीत दिशा से आ रही स्कूटी को को बचाने के प्रयास में इनोवा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गयी। इनोवा में दस लोग सवार थे। हादसे में बैकुंठपुर नंबर एक निवासी तापस मंडल की पत्नी 50 वर्षीय बिशुखा मंडल, आशु सरकार की पत्नी 65 वर्षीय कंचन सरकार , रूदपुर निवासी ज्योतिष मंडल की पत्नी 70 वर्षीय (शेष पृष्ठ सात पर)

## करंट से युवक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक व्यक्ति के घर में बिजली रिपेयरिंग करने के दौरान करंट लग जाने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार जगतपुरा गली नम्बर 5 निवासी 30 वर्षीय जितेन्द्र कुमार पुत्र रामजनप्रसाद की चक्की है और वह बिजली रिपेयरिंग का काम भी करता है। बताया जाता है कि बुधवार प्रातः वह जगतपुरा गली नम्बर एक निवासी कोमिल प्रसाद पुत्र प्रीतम के घर बिजली रिपेयरिंग का काम करने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अचानक हुई घटना से वहां मौजूद लोगों में हड़कम्प मच गया। जानकारी मिलने पर जितेन्द्र के परिजन भी मौके पर आ पहुंचे और उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने जितेन्द्र को मृत षोषित कर दिया। जितेन्द्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलनें पर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक जितेन्द्र के माता पिता, दो भाई, दो बहन हैं। कुछ समय पूर्व ही उसका विवाह हुआ था।

## छत से गिरकर प्लंबर की मौत

काशीपुर(उद संवाददाता)। बांसफोड़ान पुलिस चौकी क्षेत्र में देर रात छत से गिरकर एक प्लंबर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक परिजनों को घटना की जानकारी



आज सुबह मिली। उनमें कोहराम मच गया। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक बड़ापुरा मजरा पूरी, पोस्ट बुड़हानपुर अलीगंज थाना भगतपुर जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी रामपाल सिंह 36 वर्ष पुत्र गजराम सिंह पलंबर का काम करता है। बताया गया कि गति मंगलवार को काशीपुर के मोहल्ला लक्ष्मीपुर पट्टी में एक व्यक्ति के घर वह काम कर रहा था। रात अत्यधिक होने के कारण वह छत पर सो गया। पता चला है कि देर रात संतुलन बिगड़ने के कारण वह अचानक छत पर से नीचे गिर गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक के एक तीन वर्ष का पुत्र अभय है। घटना के बाद से उसकी पत्नी किरण तथा परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है तो वहीं दूसरी ओर मृतक जिस घर में काम कर रहा था उसे परिवार के लोग अथवा भवन स्वामी इस बारे में किसी भी बात की जानकारी देने से लगातार कतराते देखे गए।

## दो सड़क हादसों ने ली तीन युवकों की जान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि दो अलग अलग सड़क हादसों में तीन युवकों की मौत हो गई। जिनमें एक घटना में बाईक सवार मामा भांजे को हरिद्वार से लखीमपुर जाने के दौरान पुलभट्टा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर मौत की नींद सुला दिया। वहीं एक अन्य घटना में गूलरभोज के पास वाहन का इंतजार कर रहे मजदूर को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया । जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामलों की सूचना मिलने पर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम आहाटी लखीमपुर निवासी 24 वर्षीय राघव पुत्र रामदत्त हरिद्वार की एक फैक्ट्री में काम करता था। जबकि उसका भांजा ग्राम कलुआ मोती लखीमपुर निवासी 30 वर्षीय बलराम शुक्ला पुत्र अनिल हरिद्वार में वाहन चालक का काम करता था। बताया जाता है कि दोनों मामा भांजा गत दिवस अपने दोस्त हरिद्वार निवासी



मानसिंह पुत्र अनिल की मोटरसाईकिल संख्या यूपी 20 जीजे 5210 पर सवार होकर घर लखीमपुर जाने के लिए रवाना हुए थे। मध्यरात्रि जब वह पुलभट्टा के पास पहुंचे तो तेज गति से जाते अज्ञात वाहन चालक ने उनकी मोटर साईकिल को टक्कर मार दी और चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस घटना में राघव व बलराम गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों को उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। वहीं एक अन्य हादसे में ग्राम बेरिया भजवा, बाजपुर निवासी 35 वर्षीय रवि सैनी पुत्र नवल किशोर जो मजदूरी का काम करता था। गत रात्रि काम समाप्त करके गूलरभोज में गुरूद्वारे के पास मुख्य मार्ग पर घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान तीव्र गति से जाते अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मारकर कुचल दिया। जिससे रवि ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और वहां खडे लोगों से घटना की जानकारी ली। जिसके बाद शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के जिए भिजवाया। मृतक रवि के परिवार में उसकी पत्नी मीना सैनी व एक पुत्री 8 वर्षीय लवी है।

## एनएच ने कांग्रेस नेता की जमीन पर लिया कब्जा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गदरपुर मार्ग पर ग्राम भमरौला में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में नक्शे में शामिल पूर्व ब्लाक






प्रमुख एवं कांग्रेस नेता की जमीन को एनएच अधिकारियों ने विभागीय व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में कब्जे में ले लिया। इस दौरान मौके पर कई बार तीखी नोंक झोक भी हुई। जानकारी के अनुसार गदरपुर मार्ग पर ग्राम भमरौला में मार्ग चौड़ीकरण के कार्य में नक्शे में कांग्रेस नेता एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख किन्नू शुक्ला की जमीन भी शामिल थी। जिस पर एनएच कब्जा नहीं ले पा रहा था और मार्ग निर्माण बीच में ही रूका हुआ था। बताया जाता है कि इस सन्दर्भ में डीएम न्यायालय में वाद भी विचाराधीन है। एनएच अधिकारियों का कहना है कि भूमि स्वामी को अधिकृत की जाने वाली भूमि का निर्धारित दरो पर भुगतान करने पर भी विभाग सहमत था। परंतु भू स्वामी भूमि देने को तैयार नहीं था। जिस कारण सड़क निर्माण कार्य में निरंतर देरी हो रही थी। बुधवार को एनएच (शेष पृष्ठ सात पर)

## घर के बाहर बुलाकर युवक पर झोंके फायर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम भूरारानी में गत रात्रि घर में सो रहे युवक को धोखे से बाहर बुलाकर जान से मारने की नीयत से उस पर कई फायर झोंक दिये। जिसमें युवक बाल बाल बच गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में राजू पुत्र राम कुवर साहनी निवासी भूरारानी वार्ड 32 ने कहा है कि 29 अप्रैल की रात्रि अपने घर पर सो रहा था। तभी उसके पास रोहित साहनी निवासी तेलमिल परती कालोनी का फोन आया और कहने लगा कि तेरे घर के बाहर आया हूँ। तुझसे कोई जरूरी काम है। जैसे ही वह घर से बाहर आकर कुछ दूरी पर खड़ा हुआ। तभी रोहित सहनी पुत्र विनोद सहनी, सन्नी पुत्र नामालूम व राहुल पुत्र नामालूम निवासीगण डिब्बडिबा थाना बिलासपुर जिसके साथ लगभग 5 से 6 अज्ञात साथी थे। एक राय होकर सामने से आ गए। वह कुछ समझ पाता रोहित सहनी ने तमचा निकालकर उस पर फायर किया । गोली उसके कन्धे के पास से निकल कर दुकान के शटर में जाकर लगी। वह अपने घर की ओर भागा उसके बाद पीछे से सन्नी व राहुल ने फिर फायर किया। दोनो गोलीयां उसके कमर के पास से निकल कर गई। जिससे वह बाल बाल बचा। हल्ला सुनकर लोग घरो के बाहर आने लगे । जिस पर उक्त रोहित साहनी व सन्नी व राहुल तंमचा लहराते हुऐ जान से मारने की (शेष पृष्ठ सात पर)

## दुर्घटना में बाइक सवार दंपत्ति और बेटी घायल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हल्द्वानी मार्ग पर संजय वन के पास एक बाइक अनियंत्रत होकर नाले में पलट गयी। हादसे में बाइक सवार दंपत्ति और उनकी पुत्री घायल हो गये। घटना की सूचना मिलने पर इंटरसेप्टर वाहन में तैनात पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 की मदद से अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक मंगलवार शाम हल्द्वानी मार्ग पर संजय वन के पास एक बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी।



इसी दौरान इंटर सेप्टर वाहन से ओवर स्पीड के खिलाफ चालान की कार्रवाई कर रहे पुलिस कर्मी नरेन्द्र कुमार आर्य और नंदन गोस्वामी को सूचना मिली, जिस पर दोनों पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे तो वहां बाइक संख्या यूपी 25बीडी 4260 नाले में गिरी मिली। मौके पर बाइक चालक पप्पू मार्य पुत्र बनवारी लाल उनकी पत्नी जावित्री और पुत्री सुहागिन घायल हालत में मिले। राहगीरों की मदद से तीनों को नाले से निकालकर 108 की मदद से अस्पताल भेजा गया।

## अवैध रूप से बगीचा काटने की जांच शुरू

रामनगर(उद संवाददाता)।रामनगर विकास खंड के अंतर्गत कुछ गांवों को प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी द्वारा फल पट्टी क्षेत्र घोषित किया था। इसके बाद से इन क्षेत्रों में फलदार पेड़ों का काटा जाना पूरी तरह प्रतिबंधित था । इस मामले में हाई कोर्ट द्वारा भी फलदार वृक्षों को काटने पर रोक लगाई गई थी लेकिन रामनगर के कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में जो फल पट्टी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं वहां पर लगातार सभी नियमों को ताक पर रखकर भू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से खुलेआम फलदार वृक्षों का कटान कर वहां पर कॉलोनी का



निर्माण कराया जा रहा है। इसी मामले को लेकर तहसीलदार कुलदीप पांडे द्वारा रामनगर काशीपुर मार्ग नेशनल हाईवे 309 पर ग्राम चिलकिया के समीप लक्ष्मी नारायण मंदिर के सामने अवैध रूप से एक बगीचा (शेष पृष्ठ सात पर)

# शाबाश प्रियांशी : खूब पढ़ो, लिखो और आसमान छुओ

## प्रियांशी वायु सेना में बनना चाहती है अफसर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा में पहाड़ की प्रियांशी रावत ने शतप्रतिशत अंक लाकर न केवल प्रदेश में टॉप किया है, बल्कि यूपी और उत्तराखंड की बोर्ड परीक्षाओं में अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल की टॉपर प्रियांशी को शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री प्रियांशी से बोले, खूब पढ़ो, लिखो और आसमान छुओ। आगे भी इसी तरह की मेहनत करते रहो। टॉपर छात्र भी मुख्यमंत्री के फोन से अभिभूत दिखे और उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देने के लिए धन्यवाद भी दिया। वहीं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रियांशी की इस सफलता के लिए उनसे बात कर उन्हें बधाई देते हुए कहा, उसने राज्य का नाम रोशन किया है। उत्तराखंड बोर्ड की



10वीं की परीक्षा के परिणाम ने बता दिया कि पहाड़ की बेटियां किसी भी मायने में कम नहीं है। बेटियों का प्रदर्शन छात्रों से लगातार तीसरी बार बेहतर रहा है। जेबीएस राजकीय इंटर कालेज गंगोलीहाट पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियांशी रावत ने संयुक्त श्रेष्ठता सूची में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर पिछले सभी रिकार्ड ध्वस्त कर उत्तराखंड की 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सबसे अधिक अंक लाने वाली छात्राओं में अपना नाम दर्ज कर लिया है। उत्तराखंड बोर्ड में 10वीं में पिथौरागढ़ जिले के जीआईसी गंगोलीहाट की प्रियांशी रावत ने टॉप किया है। प्रियांशी ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। बता दें कि प्रियांशी 500 में से 500 अंक लाई हैं। प्रियांशी रावत पिथौरागढ़ जिले की रहने वाली हैं। प्रियांशी की माता शिक्षिका हैं और उनके पिता आर्मी रिटार्यड हैं। प्रियांशी के पिता वर्तमान में बेरीनाग व्यापार संघ अध्यक्ष हैं। वो फिलहाल हार्डवेयर और गिफ्ट सेंटर की दुकान चलाते हैं। जबकि प्रियांशी की माता रजनी रावत साधना पब्लिक स्कूल बेरीनाग में शिक्षिका है। 500 में से 500 अंक लाने वाली प्रियांशी वायु सेना में अफसर बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। आपको बता दें कि हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाली प्रियांशी एक बहुत अच्छी कलाकार भी हैं। साल 2022 में बेरीनाग में रामलीला में प्रियांशी ने राम के पात्र की भूमिका निभाई थी।

## इंजीनियर बनना चाहती है कंचन जोशी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी हो गया है जिसमें हर बार की तरह इस बार भी बेटियों ने परचम लहराया है। 10वीं में गंगोलीहाट की छात्र प्रियांशी रावत ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है, जबकिहल्द्वानी के हरगोविंद सुयाल इंटर कालेज की मेधावी छात्र कंचन जोशी और अल्मोड़ा के विवेकानंद इंटर कॉलेज के होनहार छात्र पीयूष खोलिया ने संयुक्त रूप से 97.66 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। मीडिया से बात कर इंटरमीडिएट की टॉपर कंचन जोशी ने कहा कि वह इंजीनियर बनना चाहती है। कंचन के पिता सिक्योरिटी गार्ड का काम करते हैं। कंचन ने 97.6 फीसदी नंबर लाकर प्रदेश में टॉप किया है। कंचन ने माता।पिता और टीचर्स को अपनी सफलता का क्रेडिट दिया। बता दें कि रामनगर स्थित उत्तराखंड बोर्ड मुख्यालय में घोषित परीक्षा परिणाम में इस बार हाईस्कूल में 89 प्रतिशत विद्यार्थी पास हुए। जबकि इंटर में 82 फीसदी विद्यार्थी पास हुए। बोर्ड का परिणाम जारी करते हुए शिक्षा बोर्ड के सभापति महावीर सिंह बिष्ट और सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि इंटर में अल्मोड़ा के छात्र पीयूष खोलिया और हल्द्वानी छात्र कंचन ने संयुक्त रूप से जोशी के पिता धमेन्द्र जोशी कुसुमखेड़ा में ही में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। इससे पहले वह रुद्रपुर की सिडकुल मिंडा कंपनी में नौ साल तक अपरेटर रह चुके हैं। जबकि माता खष्टि



97.6 प्रतिशत लेकर टॉप किया। आपको बता दें की 17 साल की कंचन जोशी का परिवार मूल रूप से नैनीताल जिले के जमरानी का रहने वाला है। वर्तमान में वह कुसुमखेड़ा नारायण नगर इंटर कालेज के पीछे रहते हैं। कंचन के छोटे भाई अखिलेश जोशी ने भी 10जी में 92 प्रतिशत मार्क्स प्राप्त किये हैं। कंचन जोशी गृहणी हैं। कंचन आगे जाकर एक सफल इंजीनियर बनना चाहती हैं। वह जेई मन्स का पेपर भी क्वालीफाई कर चुकी हैं। कंचन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को दिया है। स्कूल के प्रधानाचार्य खीम सिंह बिष्ट ने बताया की कंचन अंग्रेजी माधयम में पढ़ाई कर रहीं थी।

## आईएएस बनना चाहती है ईशा



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। श्री गुरू नानक कन्या इण्टर कालेज की छात्रा ईशा भट्ट ने इण्टर की परीक्षा में 24 वां स्थान प्राप्त किया है। ईशा भविष्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर देष सेवा करना चाहती है। ईशा के पिता नगर की राईस मिल में मजदुरी का काम करते है। जबकि ईशा की मां रीता भटट ग्रहणी है। ईशा ने अपनी सफलता के लिए गुरूओ के साथ परिवार जनों का सहयोग बताया।

## बैंकिंग सेक्टर में जाना चाहता है शुभम



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र शुभम उपाध्याय ने जिले में टॉप कर 6 वां रेंक प्राप्त किया है। खटीमा रोड वार्ड 5 निवासी शुभम के पिता षिमला में षेफ का कार्य करते है, शुभम ने अपनी सफलता के पीछे अपने गुरूजनों व परिजनों का हाथ बताते हुये कहा कि वह भविष्य में बैंकिंग सेक्टर में जाकर देश सेवा करना चाहते है। शुभम की मां शांति देवी ग्रहणी है। शुभम दो भाई बहन में बड़ा है।

## पिता सिडकुल में बेटे सुमित ने मेरिट बनाई

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र सुमित तिवारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में मेरिट में 95.6 प्रतिशत अंक पाने वाले सुमित का कहना है कि बड़ा होकर इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहता है। सुमित के पिता लक्ष्मी दत्त तिवारी बतौर सिडकुल में काम करते है, जबकि माता दीपा देवी ग्रहणी है। सुमित का सपना इंजीनियर बनने का है। मेरिट में आने में अपने गुरूजनों के साथ ही परिजनो का पूर्ण सहयोग बताते है।



## कपड़ो की सिलाई कर बेटी एलिना को पढ़ाया



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। केजेएम सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल की छात्रा एलिना कुरैशी ने हाईस्कूल की परिक्षा में 12 वां स्थान प्राप्त किया है। ऐलिना के पिता नफीश अहमद सितारगंज रोड पर टेलर की दुकान चलाते है। उन्होंने अपनी की बेटी के मेरिट में आने पर खुशी का इजहार करते हुये कहा कि उनकी बेटी ने उनका मान बढ़ाया है। एलिना ने अपनी सफलता के लिए माता पिता व गुरूजनों का भरपूर सहयोग बताया है।

## पिता होटल में करते हैं काम बेटी स्नेहा ने बनाई मेरिट

नानकमत्ता(उद संवादद)। नानकमत्ता पब्लिक स्कूल की छात्रा स्नेहा खाती जो कि नानकमता के ग्राम नगला की रहने वाली है, स्नेहा खाती ने हाई स्कूल



की परीक्षा में प्रदेश में पांचवी रैंक प्राप्त कर 486 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। स्नेहा ने बताया कि उसे जैव विविधता और इंसेंट को डॉक्यूमेंट करने का खास शौक है, उन्होंने अपने घर के अगल-बगल के इंसर्ट को इकट्ठा कर एक म्यूजियम भी बनाया है, स्नेहा को भारत सरकार के विज्ञान है पौधों की विभाग द्वारा इंस्पायर साइंस अवार्ड भी मिला है। कृष्ण के पिता बरेली के एक होटल में काम करते हैं, स्नेहा ने अपनी कामयाबी के पीछे अपने माता-पिता और गुरुजनों का हाथ बताया।

## पिता ड्राईवर बेटी सुनीता ने हाईस्कूल में बनाया 19 वां स्थान

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विधा मंदिर हाईकूल की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक लेकर मेरिट में 19 वां स्थान प्राप्त करने वाली ग्राम बरकीडाडी नानकमत्ता निवासी सुनीता जोशी सिविल सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहती है। सुनीता के पिता गोपाल जोशी बतौर वाहन चालक है। मां भावना जोशी घर चलाती है। सुनीता का सपना पढ़ाई के बल पर कुछ बनकर देश एंव अपने माता पिता की सेवा करना है।



## राधा बनना चाहती है डाक्टर

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा राधा जोशी का सपना लोगों को जीवन देना है, हाईस्कूल में 22 वां स्थान पाने वाली राधा भविष्य में मेडिकल की पढ़ाई कर लोगों को जीवन देने का काम करना चाहती है। राधा के पिता दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते है जबकि मां निर्मला जोशी ग्रहणी है। मेरिट में आने में अपने माता पिता के साथ ही गुरूजनों का साथ बताती है।



## प्रभा जोशी का सपना आईएस बनना है

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर की प्रभा जोशी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 94.8 प्रतिशत अंक पाकर मेरिट सूची में 24 वां स्थान प्राप्त कर विधालय का नाम रोशन किया है। प्रभा ने बताया कि वह आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना पसंद करेगी। प्रभा की मां दीपा जोषी पुष्पा प्रिंयका विद्या मंदिर में सेवारत है जबकि पिता कमलेश जोशी मेहनत मजदूरी करते है। प्रभा ने अपनी सफलता के लिए गुरूजनों के साथ परिवारजनों का सहयोग बताया।



## सिविल सर्विस में जाना चाहता है मयंक

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विधा मंदिर के इण्टर के छात्र मयंक भटट ने 98.08 प्रतिशत अंक पाकर मेरिट में 19 वां स्थान प्राप्त कर विधालय का नाम ऊंचा किया है। मयंक बड़ा होकर सिविल सेवा में जाकर देश सेवा करना चाहता है। मयंक ने अपनी सफलता के लिए माता पिता व गुरूजनों का आर्षीवाद बताया। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी तरह मेहनत कर अपने परिवार का सहयोग करेंगे।



## सिटी मॉडल इंटर कॉलेज के छात्रों ने किया नाम रोशन

गदरपुर(उद संवाददाता) । नगर के प्रतिष्ठित सिटी मॉडल इंटर कॉलेज के बच्चों द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा परिणाम वर्ष 2024 में अग्रणी रहकर स्कूल का नाम रौशन किया । प्रधानाचार्य सतीश कुमार बत्रा ने बताया कि उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर नैनीताल द्वारा घोषित परीक्षा फल के अनुसार सिटी मॉडल इंटर कॉलेज के हाई स्कूल में पंजीकृत 70 छात्र-छात्राओं में 69 परीक्षा में शामिल हुए जिनमें 18 छात्र प्रथम श्रेणी में, 28 छात्र द्वितीय श्रेणी में, 16 छात्र तृतीय श्रेणी में तथा चार परीक्षार्थी ससम्मान उत्तीर्ण हुए । रीफा नाज ने 454 अंक अर्थात 91% अंक प्राप्त कर कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया । उन्होंने बताया कि इंटरमीडिएट परीक्षा में पंजीकृत 65 परीक्षार्थियों में 61 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए इनमें से 28 छात्र प्रथम श्रेणी ,16 छात्र द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए दो परीक्षार्थी कर ससम्मान उत्तीर्ण हुए मानविकी वर्ग में कु,सिमरन विज्ञान वर्ग में मनतसा तथा वाणिज्य वर्ग में पलक ने कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंध समिति के प्रधानाचार्य सतीश कुमार बत्रा एवं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने बोर्ड परीक्षा में सफल सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल एवं यशस्वी जीवन की कामना की।



## जन्मभूमि स्कूल के करन ने रचा इतिहास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प के जन्मभूमि उच्चतर माध्यमिक स्कूल के होनहार छात्र करन दास ने उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षाफल की रेंक सूची में 22 वां स्थान प्राप्त कर ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र में एक इतिहास रच दिया है। विद्यालय के प्रबंधक डा. सुमित राय ने बताया कि करनदास इस क्षेत्र के पहले छात्र हैं जिसने हाईस्कूल परीक्षा की रेंक सूची में स्थान प्राप्त किया है। इससे पूर्व क्षेत्र में स्थित तमाम विद्यालयों का कोई भी विद्यार्थी हाईस्कूल परीक्षाफल में यह उपलब्धि हासिल नहीं कर पाया है। उन्होंने छात्र करनदास की इस अविस्मरणीय



उपलब्धि के लिए करनदास व उसके परिजनों के साथ ही क्लास टीचर नितिश कुमार, प्रधानाचार्य रशपाल सिंह व सचिव नेहा राय व समस्त विद्यालय स्टॉफ को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि करनदास ने कुल 500 अंकों में 476 अंक प्राप्त कर 95.20 प्रतिशत अंक हासिल किये। जिसमें हिंदी में 97, अंग्रेजी में 91, गणित में 97, विज्ञान में 98 तथा सामाजिक विज्ञान में 93 अंक शामिल हैं। डा. राय ने बताया कि विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षाफल भी उत्कृष्ट रहा है। जिसमें विद्यालय के 29 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में, 44 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में तथा 12 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उर्त्तीण हुए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कालीनगर दिनेशपुर निवासी छात्र करनदास अपने मूल निवास उत्तर प्रदेश गया हुआ है। विद्यालय आने पर उसको उसके परिजनों सहित सम्मानित किया जायेगा।

# साक्षी ने प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल कर किया नाम रोशन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सनातन धर्म बालिका इंटर कालेज की इंटर की छात्रा साक्षी ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में 7वीं रैंक हासिल कर माता पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। साक्षी ने 95.2 फीसदी अंक प्राप्त किये है।। खेड़ा निवासी साक्षी के पिता विनय कुमार रामपुर के बिलासपुर में पान की दुकान लगाते हैं, मां पूनम गृहिणी हैं। प्रत्येक दिन सुबह-शाम पिता बाइक से लगभग 30 किलोमीटर आते-जाते हैं ताकि उनके बच्चे पढ़-लिखकर उनके सपनों को साकार कर सकें। पिता का बस एक ही सपना है बच्चे पढ़ लिखकर नाम रोशन करें। पिता विनय ने बताया कि आज उनका सीना गर्व से फूल गया है। उनकी रोज के घंटों की मेहनत आज जाकर सार्थक हुई है। साक्षी सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती है।



# ट्रक चालक की पुत्री प्रियंका ने हासिल की 15वीं रैंक

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड बोर्ड के इंटरमीडिएट के घोषित नतीजों में जीआईसी सकैनिया की दो छात्राओं ने 15 वीं और 19वीं रैंक हासिल की है। यूपी के रामपुर जिले के मिलक खानम थाना क्षेत्र के ग्राम सलारपुर निवासी ट्रक चालक देशराज की पुत्री प्रियंका करीब 13 किलोमीटर से भी अधिक दूरी से साइकिल चलाकर जीआईसी सकैनिया में कक्षा 12 में पढ़ने आती जाती है। प्रियंका के घर की आर्थिक स्थिति इतनी दयनीय है कि उसके घर पर अभी तक बिजली तक नहीं लग पाई है। दीपक की रोशनी में अपनी पढ़ाई करने वाली प्रियंका ने उत्तराखंड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में 15 वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रियंका भविष्य में आईएएस बनना चाहती हैं।



# मेहनत के दम पर आदित्य ने हासिल की 21वीं रेंक

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मंगलवार को आए इंटरमीडिएट के परिणाम में आजाद नगर ट्रांजिट कैंप में एक कमरे के किराए के मकान में रहने वाले सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज के छात्र आदित्य ने प्रदेश में 92.4 फीसदी अंक पाकर 21वीं रैंक हासिल की। आदित्य के पिता विमल कुमार तिवारी एक सुपरवाइजर है, जबकि मां प्राइवेट विद्यालय में शिक्षिका हैं। एक कमरे में परिवार पलता है। रात में पिता के ड्यूटी पर जाने और मां के सो जाने के बाद आदित्य ने खूब मन लगाकर पढ़ाई की। देर शाम से भोर के तीन बजे तक अथक प्रयास कर पढ़ाई करते हुए विमल तिवारी के इकलौते पुत्र आदित्य ने मुकाम हासिल किया। सफलता पर परिजनों के साथ ही अन्य लोगों ने भी हर्ष व्यक्त किया है।



# सुमनजीत कौर ने 12वीं में हासिल की आठवीं रैंक

रुद्रपुर(उद संवाददता)। उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में गुरु नानक बालिका इंटर कालेज की छात्रा सुमनजीत कौर ने प्रदेश में 95 फीसदी अंक पाते हुए 12वीं की वरीयता सूची में 8वां स्थान प्राप्त किया। बिंदुखेड़ा निवासी सुमनजीत के पिता हरभजन सिंह किसान हैं, जबकि मां बलविंदर कौर गृहिणी हैं। अपनी सात-आठ एकड़ की भूमि पर खेती-किसानी कर अपने करते हैं। खेतों में पिता को काम करते समय पसीने से तर-बतर देख बेटी सुमनजीत कौर ने मन में ठाना कि आगे चलकर वह पिता का भार कम करेगी। बेटी की इस सफलता से गदगद पिता हरभजन सिंह ने कहा कि बड़ी बेटी ने दो छोटी बहनों को सफलता की राह दिखाई है। सुमनजीत कौर ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरूजनों को दिया है।



# आयुष ने पिता की मेहनत से ली सीख

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। शांति कालोनी निवासी जनता इंटर कालेज के छात्र आयुष अग्रवाल ने हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में 94.8 फीसदी अंक प्राप्त करते हुए प्रदेश में 24वीं रैंक हासिल की है। आयुष के पिता भुगन लाल सेल्समैन हैं, जबकि मां सोनी गृहिणी हैं। पिता ही घर-गृहस्थी चलाने के एकमात्र साधन हैं। आयुष ने रोजाना पिता को मेहनत करते देख आगे चलकर पिता का सहारा बनने का निश्चय किया है। आयुष ने सफलता का श्रेय माता पिता और गुरूजनों को दिया।



# हर्षिका राणा को मिला 23 वां स्थान

सितारगंज(उद संवाददाता)। गोल्डन पब्लिक स्कूल की छात्रा हर्षिका राणा ने 92 प्रतिशत अंक के साथ इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में टॉप किया है। उन्हें प्रदेश में 23 वां स्थान प्राप्त हुआ है। बरूआबाग की रहने वाली हर्षिका राणा पुत्री महेश राणा बचपन से ही मेधावी छात्र रही है। हर्षिका राणा ने बताया कि वह स्कूल के अलावा घर पर रोजाना 2 घंटे तक पढ़ाई करती थी। उन्होंने दो माह पहले से ही बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी थी। बताया कि टीवी, फोन और इंटरनेट से दूर रहकर केवल पढ़ाई में फोकस किया था। हर्षिका ने बताया कि वह पुलिस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहती है। उन्होंने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया। हर्षिका के पिताजी कृषक है जबकि उनकी माता उसी के विद्यालय में अध्यापिका है। हर्षिका की कामयाबी से विद्यालय एवं घर पर खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्या जय जोशी ने उनके घर पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# अमित करेंगे सिविल सर्विस की तैयारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनता इंटर कालेज के हाईस्कूल के छात्र अमित कुमार ने 95.2 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में 22वां स्थान हासिल किया है। फूलसुंगा निवासी अमित के पिता नरेंद्र कुमार पंतनगर सिडकुल स्थित एक कंपनी में मशीन आपरेटर हैं। रोजाना मेहनत करके पिता जैसे तैसे परिवार का भरण पोषण करते हैं। पिता के संघर्षों को बेटे ने मुकाम दिया। अमित ने बताया कि हमारी परवरिश के लिए पिता रोजाना मेहनत करते हैं। यह देख आगे चलकर उनकी लाठी बनूं यही एक सपना रहा। आगे चलकर वह सिविल सर्विस की तैयारी करेगा।



# आईएएस बनना चाहती है टॉपर अंशिका मिश्रा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा अंशिका मिश्रा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 94.8 फीसदी अंक हासिल करते हुए 24वां स्थान हासिल किया। अंशिका के पिता शत्रुधन मिश्रा सिडकुल में प्राइवेट नौकरी करते हैं, जबकि मां मोना गृहिणी हैं। इनकी दो बेटियों ने पिता के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया और उसे पूरा भी किया। मंगलवार को आए परिणाम में अंशिका ने 24वीं रैंक हासिल की। जबकि एक वर्ष पूर्व उसकी बड़ी बहन काजल मिश्रा ने 25वीं रैंक हासिल की थी। अंशिका ने बताया कि रोजाना वह पांच से छह घंटे पढ़ाई करती है। वह आईएएस बनना चाहती है।



# सनातन कन्या स्कूल की दो छात्राओं ने किया नाम रोशन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।सनातन धर्म कन्या इण्टर की छात्राओं ने इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय की इण्टरमीडिएट की छात्रा कु० साक्षी ने 476 अंकों के साथ राज्य बोर्ड की मेरिट लिस्ट में सातवाँ स्थान प्राप्त किया। छात्रा को हिन्दी में 97, इतिहास में 96, अर्थशास्त्र में 96, राजनीति विज्ञान में 95 एवं अंग्रेजी में 92 अंक प्राप्त हुये। वहीं कु० अर्चना निराला ने हाईस्कूल मेरिट में 23वाँ स्थान बनाया। उन्हें हिन्दी में 95, संस्कृत में 96. गणित में 99, विज्ञान में 94. सामाजिक विज्ञान में 88 और अंग्रेजी में 82 अंक प्राप्त हुये। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति राज तथा प्रबन्धक जुगल किशोर बाम्बा ने छात्राओं को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर ने भी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आर्शिवाद दिया। समस्त विद्यालय परिवार ने भी छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।



# इंजीनियर बनना चाहता है टॉपर सुमित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुष्पा प्रियंका सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र सुमित तिवारी ने हाईस्कूल की परीक्षा में 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सुमित इंजीनियर बनना चाहता है। सिडकुल कर्मचारी लक्ष्मी दत्त तिवारी व ग्रहणी दीपा देवी के पुत्र सुमित तिवारी क्रिकेट खेलने के शौकीन सुमित का प्रिय विषय गणित है। उन्होंने परीक्षा के दौरान समय पर कोर्स खत्म का रिवीजन पर विशेष ध्यान दिया। उसने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने गुरुजनों व माता-पिता को दिया।



# सीए बनना चाहती है टॉपर नेहा शर्मा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गुरु नानक बालिका इंटर कालेज की छात्रा आजाद नगर ट्रांजिट कैंप निवासी नेहा शर्मा ने हाईस्कूल की परीक्षा में 97.4 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में 11वीं रैंक हासिल किया। पिता पप्पू शर्मा ट्रांजिट कैंप में जूस की दुकान चलाते हैं, जबकि मां बेबी शर्मा गृहिणी हैं। एक बेटे व चार बेटियों की परवरिश का भार पिता के कंधे पर है। दो बेटियों की शादी हो चुकी है, जबकि दो बेटियां व एक बेटी अविवाहित हैं। नेहा रोजाना तीन से चार घंटे की पढ़ाई कर बोर्ड परीक्षा में 11वीं रैंक हासिल की। इसमें हिंदी व गणित में नेहा ने 100 फीसदी अंक हासिल किए। होनहार छात्रा ने बताया कि आगे चलकर वह सीए बनना चाहती है। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरूजनों और माता पिता को दिया है।



# शीतल ने हासिल की 19 वीं रेंक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक बालिका इण्टर कालेज की प्रतिभावान छात्रा शीतल शर्मा ने उत्तराखण्ड बोर्ड की हाईस्कूल की परीक्षा 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठता सूची में 19वां स्थान प्राप्त किया। उसकी इस उपलब्धि पर उसके पिता अनुज कुमार शर्मा जो सिंचाई विभाग में प्रशासनिक अधिकारी के पद कार्यरत है सहित समस्त परिजनों के साथ विद्यालय परिवार ने हर्ष व्यक्त करते हुये उसे शुभकामनायें दीं। शीतल शर्मा की माँ कल्पना शर्मा गृहणी है। शीतल ने बताया कि वह भविष्य में यूपीएससी की तैयारी में जुटेगी। उसने अपनी इस सफलता का श्रेय समस्त गुरूजनों के साथ परिवार के सभी सदस्यों को दिया है।



# जनता इण्टर कॉलेज के दो छात्रों ने बनाया राज्य मेरिट में स्थान

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।जनता इण्टर कॉलेज के दो छात्रों ने हाईस्कूल की राज्य की मेरिट में स्थान बना कर स्वर्णिम सफलता प्राप्त की और राज्य में विद्यालय का नाम रोशन किया है। जनता इण्टर कॉलेज रूद्रपुर में हाईस्कूल में अध्ययनरत छात्र अमित कुमार ने राज्य की श्रेष्ठता सूची में 22वां स्थान प्राप्त किया जिन्होंने हिन्दी-97 अंग्रेजी-89, गणित-99, विज्ञान-96, सामाजिक वि0-95, सस्कृत-80 कुल 476 अंक प्राप्त किये। 10जी में ही पढ़ने वाले छात्र आयुष अग्रवाल ने श्रेष्ठता सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया जिन्होंने हिन्दी-95, अंग्रेजी-92, गणित-95, विज्ञान-100, सामाजिक वि0-92, सस्कृत-75 कुल- 474 अंक प्राप्त किये दोनो ही छात्रों को विद्यालय में बुलाकर उनकी इस सफलता के लिए सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 सतीश अरोड़ा ने दोनों ही छात्रों की इस उपलब्धि पर छात्रों को सम्मानित करते हुए उनको व उनके परिवार को तथा समस्त शिक्षकों को बहुत-बहुत बधाई दी और छात्रों को शुभकामनाएं दी कि वह भविष्य में में भी इसी प्राकर से सफलताएं प्राप्त करेंगे और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सफल रहेंगे। इस अवसर पर संजय आर्य, भुवन चन्द्र डूंगराकोटी, विजेन्द्र कुमार, तजेन्द्र, सुरेश कुमार, विरेन्द्र जोशी, नवीन पाण्डे, जीतेन्द्र कुमार, कल्पना, परमजीत कौर, तथा समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# गुरुनानक इंटर कालेज की टॉपर आशू रेलवे में करना चाहती है सेवा



रुद्रपुर(उद संवदाता)। आदर्श कालोनी निवासी गुरुनानक इंटर कालेज की छात्रा आशु ने इंटरमीडिएट की परीक्षा में 92.4 फीसदी अंक हासिल करते हुए प्रदेश में 21वां स्थान बनाया। आशु के पिता हरिकिशन टेलर हैं जबकि मां उषा गृहिणी हैं। आशु ने बताया कि पिता को दिन रात मेहनत करते देख अखरता है। दो बहनें व एक भाई पिता का बोझ हल्का करना चाहते हैं। वह रेलवे में अधिकारी बनना चाहती हैं। उसने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता और गुरूजनों को दिया है।

# इंटर में गरिमा व हाईस्कूल में वंशिका टॉप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित गोविंद विद्या मंदिर इंटर कालेज का हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि हाईस्कूल के परीक्षाफल में विद्यालय की छात्रा वंशिका तिवारी ने 80.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि संजना ने 76.80 प्रतिशत व प्रिया ने 74.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। उन्होंने बताया कि इंटर मीडिएट के परीक्षाफल में गरिमा कार्की ने 74.80 अंक हासिल कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं केसर पहवा ने 72.20 प्रतिशत व अंजली मेहता ने 71.40 प्रतिशत अंक हासिल किये।

# राज्यपाल ने विद्यार्थियों को दी बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेज. गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# कुमांऊ भ्रमण कर लौटा 280 पर्यटकों का दल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन (भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन) द्वारा दो पर्यटक दल जिसमें ग्रुप ए में 128 एवं ग्रुप बी में 152 पर्यटक कुल 280 पर्यटक कुमाऊ भ्रमण पर गए हुए थे। ग्रुप ए के पर्यटक टनकपुर से माँ पूर्णागिरी मन्दिर होते हुए भीमताल, जागेश्वर धाम, कटारमल, चौकोड़ी, हाटकालिका, पाताल भूवनेश्वर, चम्पावत, लोहाघाट व कुमांउ के अन्य पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर टनकपुर होते हुए, मंगलवार को श्री माँ पूर्णागिरी धाम के दर्शन कर वापस टनकपुर पहुँचे। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् बिष्ट ने बताया कि गत 22 अप्रैल को प्रथम टूर पैकेज पूणे से प्रस्थान कर 24 अप्रैल को टनकपुर पहुंचा, टनकपुर में पर्यटकों का तिलक लगाकर फूल मालाओं से अतिथि देवो भवः की परम्परा को आगे बढ़ाते हुए उत्तराखण्ड की सस्कृति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मंगलवार को 07 टैम्पू ट्रैवलर व 02 बड़ी बसों के माध्यम से गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब मत्था टेकने पहुंचा। जहाँ पर गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब समिति के प्रभारी प्रबन्धक संत बाबा श्री सुखविंदर सिंह भुल्लर सहित समिति के समस्त सदस्यों द्वारा पर्यटकों का बड़े आदर व ग्रुप बी के 152 पर्यटक जो 24 अप्रैल को गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचे थे, वह भी नैनादेवी, कैंचीधाम, कसार देवी, जागेश्वर धाम, कटारमल, चौकोड़ी, हाटकालिका, पातालभूवनेश्वर, चम्पावत, लोहाघाट व कुमांउ के अन्य पर्यटक स्थलों का भ्रमण कर टनकपुर होते हुए, आज श्री साहिब में पर्यटकों के साथ आई.आर.सी.टीसी. के प्रबंधक श्री राजीव रंजन सिंह, श्री कुलदीप सिंह, श्री भानू प्रताप, श्री अमित राजपूत, श्री अर्जुन सैनी, 20 क्रू सदस्य, के अतिरिक्त गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब समिति के समस्त सम्मानित सदस्य, कथावाचक श्री




अल्मोड़ा, पाताल भूवनेश्वर, जागेश्वर, पिथौरागढ़, लोहाघाट चम्पावत की यात्रा कर वापस भीमताल मार्ग होते हुए मंगलवार को 07 टैम्पू ट्रैवलर व 02 बड़ी बसों के माध्यम से वापस पहुँचे तथा बी के 152 पर्यटक जो 24 अप्रैल को गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचे थे, वह भी नैनादेवी, कैंचीधाम, कसार देवी, देहरादून द्वारा आईआरसीटीसी के सहयोग से देश में प्रथम बार उत्तराखण्ड के विभिन्न अल्पज्ञात गंतव्यों को टूर पैकेज के माध्यम से जोडते हुए पर्यटन को बढावा देने के उद्देश्य से मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन (भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन) संचालित की गई है। जानकारी देते हुए जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता भव्य स्वागत किया गया। इस पर्यटक दल में दो ग्रुप ग्रुप ए में 128 एवं ग्रुप बी में 152 पर्यटक कुल 280 पर्यटक शामिल है। उन्होने कहा कि ग्रुप ए टनकपुर से माँ पूर्णागिरी मन्दिर को प्रस्थान कर भीमताल से अल्मोड़ा, पाताल भूवनेश्वर, जागेश्वर, पिथौरागढ़, लोहाघाट चम्पावत की यात्रा कर वापस भीमताल मार्ग होते हुए सम्मान के साथ स्वागत किया गया। पर्यटकों ने भी उत्साहपूर्वक जो बोले सो निहाल का जयकारा लगाते हुए गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब के दर्शन कर मत्था टेका व लंगर का प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात समस्त गुरूद्वारे का भ्रमण किया। तदुपरान्त नानकसागर डैम का भ्रमण करते हुए टनकपुर को प्रस्थान किया। उन्होने कहा माँ पूर्णागिरी धाम के दर्शन कर वापस टनकपुर पहुचे। जहां से दोनो ग्रुप के 280 पर्यटक मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन (भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन) द्वारा सांय 05.00 बजे वापस पूणे को प्रस्थान करेंगें। मानसखण्ड एक्सप्रेस की यह यात्रा आगामी दिनों में भी अनवरत रूप से जारी रहेगी। उक्त कार्यक्रम में गुरूद्वारा श्री नानकमत्ता गुरजिन्दर सिंह, लंगर व्यवस्थापक, सेवादार, गाईड एवं पर्यटक आवास गृह प्रबन्धक श्री दिनेश पंत, सहायक श्री प्रहलाद, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्थानीय पुलिस (एल.आईयू.) चिकित्सक टीम एवं मीडिया प्रभारी, प्रिंट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया के साथ ही अन्य सम्मानित गणमान्य जन भी उपस्थित थे।

## स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तु दास ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह से कार्यालय से लैपटॉप पर स्ट्रांक रूम/परिसर में लगाये गये सीसी टीवी कैमरे को देखा एवं वहा पर हो रही गतिविधियों को परखा। जिला निर्वाचन



जनपद की 09 विधानसभाओं की बगवाड़ा मंडी में बनाये गये स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था आदि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होने जिलाधिकारी अधिकारी ने बताया कि स्ट्रांग रूम बगवाड़ा मंडी की थ्री लेयर सुरक्षा व्यवस्था की गयी है एवं पर्याप्त मात्रा में सीसी टीवी कैमरे लगाये गये है। उन्होने बताया कि सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम के बाहर अग्निशमन यंत्र लगाये गये है एवं परिसर में ही 03 अग्निशमन वाहन तैनात किये गये है। उन्होने बताया कि बगवाड़ा मंडी में ही सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम बनाया गया है जिसमे अधिकारियों द्वारा 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। इसके उपरांत मस्तु दास ने बगवाड़ा मंडी में बनाये गये स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिये कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाये। इसके उपरांत उन्होने स्ट्रांग रूम पर पैनी नजर रख रहे सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, सहायक रिटर्निंग आफिसर डॉ0 अमृता शर्मा, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विजय तिवारी आदि मौजूद थे।

## यूसीमास अबेकस की स्टेट लेबल चैंपियनशिप में तन्मय सिंह बने चैंपियन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। यूसीमास अबेकस उत्तराखंड की 15वीं स्टेट लेबल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। भूरारानी स्थित द्वारका फॉर्म में यह चैंपियनशिप आयोजित की गई, जिसमें पूरे प्रदेश के 700 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दानपुर ऋषि अबेकस के छात्र तन्मय सिंह ने यह स्टेट लेबल चैंपियनशिप जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया। दानपुर ऋषि अबेकस की संचालिका माया कनवाल ने बताया कि गत दिवस 15वीं स्टेट लेबल चैंपियनशिप आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि यूसीमास इंडिया के सीईओ स्नेहल कारिया, उत्तराखंड यूसी मास के डायरेक्टर धर्मेंद्र तोमर , ममता तोमर और बिजनेस हैड सिम्पली सीओ ने विधिवत रूप से किया। इस प्रतियोगिता में सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया। जिसमें दानपुर ऋषि अबेकस के तन्मय सिंह चैंपियन बने ।उनके अलावा रोहित अधिकारी और रितिक अधिकारी तीसरे स्थान पर रहे। शिरविन चौथे और अरनव तथा तुषिका गुलाटी पांचवें स्थान पर रही यूसीमास अबेकस प्रदेश ही नहीं वरन देश में अपनी पहचान बन चुका है। इसमें बच्चों के संपूर्ण व्यक्तित्व का विकास होता है और वह आधुनिक शिक्षा को बहुत तेजी से ग्रहण




।इस चैंपियनशिप में अन्य बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। जिसमें पायल, बबीता गुरुनूर और आरव ने ग्रेजुएशन की ।सभी विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। चैंपियनशिप में पहुंचे अतिथियों ने कहा कि करते हैं। उन्होंने कहा कि आज यूसी मास अबेकस हर क्षेत्र में लोकप्रिय हो रहा है और बच्चों में नई ऊर्जा का संचार हो रहा है। उन्होंने सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## वनाग्नि से धधक रहे जंगल अब तक 298 पर मुकदमा दर्ज

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में तापमान बढ़ने के साथ ही जंगल की आग तेजी से भड़क रही है। मंगलवार को गढ़वाल से कुमाऊं तक एक दिन में रिकॉर्ड 68 जगह जंगल धधके। इसमें वनाग्नि की सबसे अधिक 44 घटनाएं गढ़वाल और 17 कुमाऊं की हैं। वन्य जीव क्षेत्र में भी सात जगह आग लगी है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक जंगल में आग लगाने के आरोप में 21 अन्य लोगों को नामजद किया गया है। अपर प्रमुख वन संरक्षक के मुताबिक जंगल की आग की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर जाकर आग बुझाने का प्रयास कर रही है। इस काम में एसडीआरएफ और फायर सर्विस की भी मदद ली जा रही है, जबकि नैनीताल वन प्रभाग में एनडीआरएफ को तैनात किया गया है। जंगल में आग लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। विभाग की ओर से अब तक 298 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। वन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, टिहरी बांध प्रथम वन प्रभाग और नैनीताल वन प्रभाग में एक-एक जगह आग लगी है। अल्मोड़ा वन प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में पांच, सिविल सोयम अल्मोड़ा वन प्रभाग में एक, तराई पूर्वी वन प्रभाग में सात, रामनगर वन प्रभाग में एक, मसूरी वन प्रभाग में 12, लैंसडौन भूमि संरक्षण वन प्रभाग में दो, सिविल सोयम पौड़ी वन प्रभाग में 27, केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग में छह जगह वनाग्नि की घटनाएं हुई हैं।

## सिक्स सिग्मा में शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इन्स्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलाजी एण्ड साइन्स, रूदपुर में शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड कानपुर द्वारा एक दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें उत्तराखण्ड के विभिन्न पालिटेक्निक संस्थानो और आई०टी०आई०, फार्मेसी, नर्सिंग के विभिन्न संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने अपरेन्टिस जागरूकता प्रशिक्षण में भाग लिया । इस आयोजन में उद्योग जगत की विश्व प्रसिद्ध कम्पनिया इमामी लिमिटेड, टाटा मोटर्स, टाटा टेको, एल. जी.बी, आई.जी.एल काशीपुर, महिंद्रा एंड महिंद्रा आदि कम्पनियों ने पंजीकरण कराया । इस शिक्षुता प्रशिक्षण में आये हुए छात्रों को हिमाशु राजन ( असिस्टेंट डायरेक्टर, बोट) शिक्षुता प्रशिक्षण बोर्ड (उत्तरीय क्षेत्र) के द्वारा उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए छात्रों को अपरेन्टिस के बारे में जानकारी से अवगत कराया तथा छात्रों के लिए अपरेन्टिस की उपयोगिता पर विशेष बल अय्यर उपस्थित रहे। संस्थान के प्रध ।नाचार्य ललित सिंह बिष्ट एवं फार्मेसी प्राचार्य डॉ विजय सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी विद्यालयों डावर, वाइस-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, मैनेजिंग डायरेक्टर सी.ए. शिव अरोरा, निदेशिका डॉ.सीमा अरोरा तथा मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर, शौर्य अरोरा, ट्रेनिंग एंड




दिया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महिंद्रा कम्पनी के एचआरहैड संदीप उपाध्याय एवं वी.एच्बी. लाइफ साइंस के इंजीनियरिंग हेड नटराजन के शिक्षक तथा सभी छात्र-छात्राओं का आभार प्रकट किया और भविष्य में उचित मार्गदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया ।इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश प्लेसमेंट हेड रजत धवन, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला, एवं साहिल छाबड़ा, मुकेश कुमार, अमित प्रकाश ने सफल आयोजन की शुभकामनाएं दी।

## प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक हुए सेवानिवृत्त

देहरादून। प्रमुख वन संरक्षक अनूप मलिक मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। वरिष्ठता के आधार पर आईएफएस धनंजय मोहन को प्रभारी प्रमुख वन संरक्षक का चार्ज दिया गया है। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। प्रमुख वन संरक्षक के पद को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 25 अप्रैल 2024 को डीपीसी हुई। इसमें वन विभाग के कुछ अधिकारियों के नाम प्रमुख वन संरक्षक के पद के लिए भेजे गए हैं। इनमें धनंजय मोहन सबसे वरिष्ठ हैं। जो भारतीय वन सेवा उत्तराखंड कैडर के 1988 बैच के हैं। जनवरी 2020 में उन्होंने देहरादून में भारतीय वन्य जीव संस्थान के निदेशक का पदभार संभाला था। डीपीसी के बाद इस पद के लिए भारत निर्वाचन आयोग की अनुमति का इंतजार है।

## कॉर्बेट प्रशासन ने 46 जिप्सीयों पर लगाया प्रतिबंध

रामनगर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में पर्यटकों को सफारी पर ले जाने वाली 46जिप्सियों को कॉर्बेट प्रशासन ने तेज गति से वाहन चलाने पर पर्यटकों की सुरक्षा के मध्य नजर पार्क में जाने से प्रतिबंधित किया है। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में हर वर्ष लाखों की तादाद में देश-विदेश से पर्यटक कॉर्बेट नेशनल पार्क के जंगलों की जैव विविधता व वन्यजीवों के दीदार के लिए हर वर्ष पहुंचते हैं,वही कॉर्बेट प्रशासन पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर भी हमेशा मुस्तैद रहता है,वही कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग जोनों में पर्यटकों को सफारी पर ले जाने वाले 350 से ज्यादा जिप्सियों पर भी कॉर्बेट प्रशासन की निगरानी रहती है,वहीं कुछ समय पूर्व पार्क प्रशासन ने इन जिप्सियों पर जीपीएस सिस्टम लगाया था,जिससे जिप्सी चालक सफारी के दौरान जंगल में ओवर स्पीडिंग व जंगलों के नियमों का पालन कर सके, वही जीपीएस के जरिए पार्क प्रशासन लगातार इन पर नजर रख रहा था,नियमों का पालन न करने पर व जंगल में सफारी के दौरान ओवर स्पीडिंग जिप्सी वाहन चलाने पर पार्क प्रशासन ने 46 जिप्सियों को 7 से 15 दिनों के लिए पार्क में जाने से वेन कर दिया है। जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के पार्क वार्डन अमित ग्वासाकोटी ने बताया कि हमारे द्वारा सभी जिप्सी में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है, जिससे हमारे द्वारा इन जिप्सी पर लगातार नजर रखी जाती है ,उन्होंने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा के चलते पार्क के अंदर 20 किलोमीटर प्रति घंटा स्पीड को निर्धारित किया गया है, लेकिन 46 से ज्यादा जिप्सी चालकों ने इस सीमा को पार किया, जिसको लेकर इन जिप्सी चालकों को कॉर्बेट पार्क में सफारी में जाने से 7 से 15 दिनों के लिए वैन किया गया है ,उन्होंने कहा कि आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी अगर जिप्सी चालक नहीं माने तो और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों के लिए बड़ा खतरा बन चुकी है कात्यानी टिश्यूज

## विषैला पानी छोड़ने से खेती चौपट,जलीय जीव जंतुओं को भी जान के लाले

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। कात्यानी टिश्यूज प्राइवेट लिमिटेड नामक पेपर मिल एक बार फिर से अपने अजब गजब कारनामों के कारण सुर्खियों में आ चुकी है। कुंडा थाना क्षेत्र के हरियावाला में संचालित इस पेपर मिल पर अभी पिछले दिनों स्थानीय किसानों का आरोप था कि बॉयलर को हिट करने के लिए पन्नी और कचरा जलाया जा रहा है जबकि अब एक किसान ने अधिकारी को तहरीर देकर उक्त पेपर मिल पर खेतों में विषैला पानी छोड़े जाने का आरोप लगाया। ग्राम हरिया वाला निवासी रवि कुमार पुत्र दौलत राम ने तहसीलदार को दिए



शिकायती पत्र में बताया कि परिवार का भरण पोषण खेती–बाड़ी पर आश्रित है। उसके खेतों के करीब से बहने वाली पछाना नदी से अधिकांश सिंचाई का काम करता है। तहसीलदार को दिए शिकायती पत्र में किसान नहीं बताया कि तीन एकड़ भूमि में धान की फसल हो रखी है जिसमें कात्यानी टिशू पेपर मिल द्वारा पिछले दिनों विषैला एवं पल्प युक्त पानी छोड़ दिया गया जिससे उसकी खेती चौपट हो गई। भारी नुकसान की शिकायत किसान द्वारा जब फैक्ट्री के प्रबंधन से किया गया तो उसे मुंह बंद करने के लिए धमकाया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसका आधे से अधिक फसल विषैले पानी के कारण बर्बाद हो चुका है। बता दें कि इससे पूर्व में भी कई बार कात्यानी टिशू पेपर मिल के प्रबंधन की घोर लापरवाही के कारण पल्प गाद की वजह से किसानों की भारी फसल बर्बाद हुई है। इस गन्दे पानी के कारण फसल ही नही वरन जलीय जीव जन्तुओं का जीवन भी संकट में है। साथ ही पर्यावरण को भी बड़ा खतरा पैदा हो गया है। तथा पर्यावरण को भारी क्षति का सामना करना पड़ रहा है। शिकायतकर्ता ने पेपर मिल के खिलाफ कार्यवाही करने तथा नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। वही कात्यानी टिश्यूज प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अमित शर्मा ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। कहा कि है कि पूरी तरह मानकों के अनुरूप संचालित की जा रही है

### नियमों की अनदेखी पर कार्यवाही तय: क्षेत्रीय प्रबंधक

काशीपुर। प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय प्रबंधक नरेश गोस्वामी ने प्रकरण को गंभीरता से लिया है। उन्होंने कहा कि जांच में यदि आरोपों की पुष्टि होती है विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने उद्योगों स्टोन क्रेशर आदि कल कारखाने को भी हिदायत दिया है कि सरकार द्वारा दिए गए मानकों के अनुरूप ही संचालन मान्य होंगे। नियमों की अनदेखी करने पर कार्यवाही तय है।

# बच्चों को दी भरतनाट्यम नृत्य कला की जानकारी

## आरएएन पब्लिक स्कूल में स्पीक मैके कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए. एन. पब्लिक स्कूल में सोसाइटी फॉर द प्रमोशन का इंडियन क्लासिकल म्यूजिक कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथिगण पद्मश्री विदुषी श्रीमती गीता चंद्रन, डॉ. पल्लवी शर्मा (चर्म रोग विशेषज्ञ) डॉ. नितिका पांडे, विद्यालय संस्थापक विंग कमांडर एच.के. राय, श्रीमती मधु राय, विद्यालय संस्थापक मोहित राय तथा विद्यालय संचालिका श्रीमती निधि राय के कर कमल द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों को पौध ा प्रदान करके उनका स्वागत किया गया तथा प्रधानाचार्या श्रीमती भावना भनोट ने विशिष्ट अतिथिगण का अभिनंदन करते हुए उन्हें उनके कार्य क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उसके बाद विद्यार्थियों द्वारा सुंदर सरस्वती वंदना तथा लोकगीत प्रस्तुत किए गए। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए सम्मानित किया गया। स्पीक मैके की प्रभावी कलाकार पद्मश्री विदुषी श्रीमती गीता चंद्रन द्वारा सुंदर भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी गई एवं इस नृत्य कला के इतिहास से परिचित कराते हुए भरतनाट्यम की अनेक मुद्राओं से अवगत करवाया। बच्चों ने नृत्य प्रस्तुति के उपरांत भरतनाट्यम नृत्य से संबंधि त कई प्रश्न पूछ क्लासिकल नृत्य के प्रति अपनी जिज्ञासा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय संचालक मोहित राय ने अपने प्रेरक शब्दों से बच्चों को अपनी आलोकिक संस्कृति के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया एवं उनका उत्साह–वध न करते हुए स्पीक मैके सोसाइटी का दिल से धन्यवाद किया तथा उपस्थित अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।







# गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन 6 मई को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। लोक रचना समिति द्वारा बीते कई वर्षों से आयोजित की जा रही स्कूली बच्चों की गायन प्रतियोगिता का आयोजन भी इस बार भी जोर शोर से किया जा रहा है। गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन 6 मई को अम्बर होटल में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए लोक रचना समिति के संयोजक केवल कृष्ण बतरा ने बताया कि लोक रचना समिति के मंच से निकली कई प्रतिभायें इंडियन आईडल जैसे ख्याति प्राप्त शो में पहुंचकर क्षेत्र का नाम रोशन कर चुकी है। प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही गायन प्रतियोगिता का ऑडीशन इस बार 6 मई को काशीपुर रोड स्थित अम्बर होटल में प्रातः आठ बजे से होने जा रहा है। प्रतियोगिता गत वर्षों की तरह इस वर्ष भी सब जूनियर ,जूनियर और सीनियर वर्ग तीन वर्गों में आयोजित होगी। ऑडीशन में प्रतियोगियों को च्वाईस राउण्ड में वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रतिभा दिखानी होगी। च्वाईस राउण्ड के आधार पर प्रतिभागी का चयन सेमीफाईनल के लिए किया जाएगा। ऑडीशन में सेमीफाईनल राउण्ड के लिए हर वर्ग से चार चार प्रतिभागी चुने जायेंगे। सेमी फाईल और फाईनल राउण्ड से तीनों वर्गों के बैस्ट सिंगर का चयन किया जायेगा।



# उधम सिंह नगर बी और उत्तरकाशी ने जीते अपने मैच

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वाध ान में अंडर–19 राज्य स्तरीय क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में मुकाबला उधम सिंह नगर बी व बागेश्वर के मध्य एमेनिटी अकादमी में खेला गया। टॉस जीतकर उधम सिंह नगर बी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवरों के खेल में 9 विकेट पर 302 रन बनाएं। जिसमें प्रिंस कर ने 90 ,कपिल रावत ने 72 और आदित्य राज ने 45 रनों की पारी खेली। बागेश्वर की तरफ से अशोक कुमार, विवेक ध ामी ने 2–2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बागेश्वर की पूरी टीम 167 रनों पर ऑल आउट हो गई। बागेश्वर की तरफ से कुणाल ने 44 और अजय भट्ट ने 26 रनों का योगदान दिया। उधम सिंह नगर बी की तरफ से मनोज सिंह ने 3, शौर्य श्रीवास्तव और आदित्य सर ने 2–2 विकेट लिए। यह मैच उधम सिंह नगर बी ने 135 रनों से जीतकर अपना दूसरा मैच जीत कर कुल चार अंक प्राप्त कर लिए हैं। मैच के अंपायर राघवेंद्र पवार और मोहम्मद आमिर ऑनलाइन स्कोरिंग पवन द्वारा की गई। इस अवसर पर एमिनिटी पब्लिक स्कूल के एमडी सुभाष अरोड़ा, बलवंत सिंह, इंद्र नीलकर, नवीन टम्टा व कई खेल प्रेमी उपस्थित रहे। वहीं रूद्र लायन्स जैन ग्लोबल स्कूल में टिहरी और उत्तरकाशी के मध्य मैच खेला गया। टिहरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 166 रनों पर ऑल आउट हो गई। टिहरी की तरफ से अर्पित कोठारी ने 31, दीपांशु ने 28 आदि खान ने 24 रनों का योगदान दिया ।उत्तरकाशी की तरफ से जसकरन सिंह ने 5 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरकाशी की टीम ने 6 विकेट पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। उत्तरकाशी की तरफ से अतुल सैनी ने 29, हर्ष ने 37 रनों का योगदान दिया। टिहरी की तरफ से जतिन शर्मा व निखिल ने 2–2 विकेट लिए। यह मैच उत्तरकाशी ने टिहरी को 4 विकेट से हराकर दो अंक प्राप्त कर लिए। मैच के अंपायर निर्भय सिंह और मोहम्मद साजिद ऑनलाइन स्कोरिंग मोहित द्वारा की गई ।इस अवसर पर सुनील शर्मा गौरव तिवारी आफताब आलम सुधाकर जोशी मौजूद रहे। आयोजक समिति ने बताया है कि कल एमेनिटी स्कूल में उधम सिंह नगर बी और उत्तरकाशी के मध्य मैच खेला जाएगा। और रुद्र लायंस अकादमी में पिथौरागढ़ और बागेश्वर के मध्य मैच खेला जाएगा।



# नियमों के विरूद्ध गेहूं का भण्डारण बर्दाश्त नहीं: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि रबी विपणन सत्र 2024–25 में विकेन्द्रीकृत खरीद प्रणाली के अन्तर्गत मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत गेहूं खरीद का कार्य सुचारू है। उन्होने कहा कि नियमों के विरूद्ध गेहूं का भण्डारण अगर कोई करता है व मंडी शुल्क का अपवंचन करता है जिससे राजस्व एवं मंडी शुल्क नुकसान होता है। उन्होने गेहूँ क्रय भण्डारण करने वाले संस्थाओं से अपील की कि वे अपने निर्धारित क्षमता के अनुसार ही भण्डारण करते हुये नियमों का पालन करें। जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय में बैठक लेते हुये यह बात कही। उन्होने कहा कि संस्थाओं में गेंहूँ भण्डारण की जांच का उद्देश्य बाजार रेगुलेट करने के साथ ही अवैध भण्डारण रोकना है। किसी को अनावश्यक परेशान करना कोई उद्देश्य नही है। उन्होने कहा कि नियम विरूद्ध भण्डारण जहां बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ता है वही आवश्यक वस्तु अधि नियम का उलंघन भी होता है। उन्होने सभी गेंहूँ खरीद संस्थाओं से अपील की है कि वे निर्धारित स्टॉक अनुमति के अनुसार ही गेंहूँ का भंडारण करें। मंडी विभाग ने बताया कि आतिथि तक गतवर्ष के सापेक्ष मंडी शुल्क दुगना प्राप्त किया जा चुका है। बैठक में अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाअधिकारी गौरव पाण्डेय, मनीष बिष्ट, अभय प्रताप सिंह, कौस्तुभ मिश्र, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ0एके वर्मा आदि मौजूद थे।




# सीड प्लांट और फ्लोर मिल पर मारा छापा

गदरपुर( उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसीलदार के नेतृत्व में विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने क्षेत्र की सीड्स प्लांट और एक फ्लोर मिल पर छापा मारा। इस दौरान टीम ने स्टॉक और अभिलेखों की जांच की। मंगलवार को तहसीलदार लीना चंद्रा, मंडी समिति सचिव योगेश तिवारी एवं सीड सर्टिफिकेशन के डा. संजीव आर्य के संयुक्त नेतृत्व में गठित टीम ने क्षेत्र के सीड्स प्लांट और एक फ्लोर मिल में छापा मारा। टीम ने मौके से गेहूं के स्टॉक रजिस्टर और अभिलेखों की जांच की। इस दौरान टीम ने सीड्स प्लांटों मैं रखे गए गेहूंऔर फ्लोर मिल के स्टॉक का भी मिलान किया। टीम की छापा मार कार्यवा सीड्स प्लांट स्वामियों में हड़कंप मच गया। तहसीलदार लीना चंद्रा मैं बताया कि जांच कल भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा जांच के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी इस संबंध में जब सीड्स ऐसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश मुंजाल से बात की गई तो उनका कहना था गदरपुर ब्लॉक क्षेत्र में 14 हेक्टेयर भूमि है जिसमें से करीब 12000 हेक्टेयर में सीड का गेहूं बोया गया था उन्होंने कहा सभी व्यापारियों के पास नियमों के तहत स्टॉक रखा हुआ है। उन्होंने कहा विभाग जांच करें हमें कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन व्यापारियों को बेवजह परेशान किया गया तो घिराव भी किया जाएगा और अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन भी किया जाएगा जांच करने वालों में तहसीलदार लीना चंद्रा, मंडी समिति सचिव योगेश तिवारी सीड सर्टिफिकेशन के डा. संजीव आर्य अनिल अरोड़ा मनोज आर्या शामिल थे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# महिलाओं का यौन शोषण

सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति का आचरण बहुत मायने रखता है। मगर विचित्र है कि बहुत सारे राजनेता इस तकाजे का ध्यान रखना जरूरी नहीं समझते। कर्नाटक में हासन सीट से जनता दल (सेक्युलर) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। उन पर करीब तीन हजार महिलाओं का यौन शोषण करने, उन्हें धमकाने और प्रताड़ित करने के गंभीर आरोप हैं। उनके दुराचार के वीडियो सार्वजनिक हुए और मामला तूल पकड़ने लगा तो उसकी जांच के लिए राज्य सरकार ने विशेष जांच दल गठित कर दिया। जांच दल का गठन होते ही रेवन्ना देश छोड़ कर भाग गए। बताया जा रहा है कि वे यहां से सीधे जर्मनी गए और वहां से यूरोप के किसी देश में छिप गए हैं। इस बार रेवन्ना भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़े थे। इसलिए विपक्षी दलों ने न केवल जद (सेकु), बल्कि भाजपा और प्रधानमंत्री पर भी निशाना साधना शुरू कर दिया है। इस राजनीतिक विवाद के बीच जद (सेकु) की कोर समिति ने रेवन्ना को पार्टी से निलंबित कर दिया है। मगर लगता नहीं कि इतने भर से जद (सेकु) और भाजपा को कोई राहत मिलने वाली है, क्योंकि रेवन्ना पर लगे आरोप बहुत गंभीर और महिलाओं के सम्मान से जुड़े हैं। हालांकि रेवन्ना ने सार्वजनिक हुए सारे वीडियो को फर्जी और साजिश के तहत तैयार किया बताया है। बताया जा रहा है कि चुनाव से कुछ दिनों पहले ये वीडियो पेन ड्राइव में भर कर बड़ी तेजी से लोगों के बीच फैलाए जाने लगे। मगर मामले पर कानूनी कार्रवाई के लिए कदम तब उठाया गया जब रेवन्ना के घर में काम करने वाली एक अधेड़ सहायिका ने उसके और उसके पिता के खिलाफ आरोप लगाया। प्रज्वल रेवन्ना के पिता भी जद (सेकु) से विधायक हैं। हालांकि इन मामलों के बारे में जानकारी लोगों को बहुत पहले से थी। भाजपा के एक नेता ने तो कहा है कि उन्हें एक वर्ष पहले ही ये वीडियो उपलब्ध हो गए थे और उन्होंने रेवन्ना को चुनावी टिकट देने से केंद्रीय समिति को रोका था, मगर उस पर ध्यान नहीं दिया गया। यह भी जानकारी आई है कि रेवन्ना खुद करीब एक वर्ष पहले इसी मामले में अदालत से स्थगन आदेश ले आए थे। यानी मामला बिल्कुल ताजा नहीं है। हैरानी की बात है कि न केवल इस प्रकरण को दबा-छिपा कर रखा गया, बल्कि रेवन्ना को फिर से लोकसभा चुनाव के मैदान में उतार दिया गया। यह बेहद भयावह है कि रेवन्ना ने किसी भी आयु और वर्ग की महिला को नहीं बख्शा। घरेलू सहायिकाओं, सरकारी अधिकारियों-कर्मचारियों, पार्टी कार्यकर्ताओं से लेकर हर तरह की महिलाओं का यौन शोषण किया। वे खुद इसलिए अपनी घिनौनी हरकत का वीडियो बनाते थे, ताकि उनके आधार पर वे उन महिलाओं को डरा-धमका कर चुप रहने को बाध्य कर सकें। हालांकि यह किसी राजनेता या रसूखदार व्यक्ति का पहला और अकेला मामला नहीं है, मगर चिंताजनक बात यह है कि एक व्यक्ति खुद सांसद रहते हुए ऐसा वीभत्स कृत्य कर रहा था। राजनेता सार्वजनिक मंचों से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान की बातें करते नहीं थकते, मगर जब उन्हीं के बीच ऐसा कोई व्यक्ति नजर आने लगता है, तो उसे बचाने या ढंक-छिपा कर रखने का प्रयास करने लगते हैं। अब देखना है कि केंद्र और राज्य सरकार किस तरह मामले की निष्पक्ष जांच कराती तथा रेवन्ना को वापस लाकर उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करती हैं।

# महिलाओं का स्वास्थ्य सामाजिक मुद्दा: राज्यपाल

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा-शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एम्स-ऋषिकेश की महिला एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर जया चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण एवं बचाव पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर दून मेडिकल कॉलेज की स्तन कैंसर विशेषज्ञ (श्रीमती) नेहा महाजन स्तन कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव पर प्रकाश डाला।इस शिविर में संज्ञानात्मक बातचीत और उचित परामर्श के साथ शिविर में आने वाली महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर के अलावा, हॉट ट्यूबल जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा सर्वाइकल कैंसर की आंतरिक जांच, आवश्यकतानुसार पैप




स्मीयर और एचपीवी जांच भी की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा की स्तन कैंसर से बचाव हेतु जागरूकता एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी। उन्होंने कहा कि आज स्तन कैंसर के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रिसर्च और डाटा एकत्र करने की जरूरत है और नियमित जाचं एवं स्व प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि महिला स्वस्थ होगी तो इसका लाभ उनके परिवार तथा समुदाय सभी को होता है। निश्चित ही एक स्वस्थ्य व प्रसन्नचित्त महिला के बच्चे अधिक स्वस्थ होंगे, वह अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल कर सकेगी और इस प्रकार अपने समाज के प्रति अधिक योगदान कर सकेगी। उन्होंने कहा कि किसी महिला के स्वास्थ्य की समस्या केवल उसकी समस्या नहीं होती है, अपितु महिलाओं का स्वास्थ्य एक सामाजिक व सामुदायिक मुद्दा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं अपने पेशे के साथ-साथ अपने घर और परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का भी ध्यान रखती हैं और वे एक माँ, एक बेटी, एक बहन, एक पत्नी और एक कामकाजी पेशेवर की कई भूमिकाएं पूरे सामंजस्य से निभा रही हैं। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव श्री राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा-शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मदन लाल ब्रह्म भट्ट, दून मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष सयाना, भारतीय सेना के परिवारों से आमंत्रित महिलाएं, राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मियों सहित मेडिकल कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करना चाहते हैं पीयूष खोलिया

अल्मोड़ा। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद के 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रदेश टॉपर विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा के छात्र पीयूष खोलिया का जीवन संघर्षमय रहा। छह साल पहले उन्होंने पिता को खो दिया। मां ने उनका हौसला बढ़ाया और बोर्ड के नतीजे आए तो बेटे ने आसमान छू लिया। पीयूष भविष्य में वैज्ञानिक बनकर देश सेवा करना चाहते हैं। नगर के सुनारीनौला निवासी पीयूष ने बताया कि जब वह पांचवी कक्षा में थे तब उनके पिता केएस खोलिया का निधन हो गया था। केएस खोलिया भी विवेकानंद इंटर कॉलेज में शिक्षक थे। माता भावना खोलिया विवेकानंद बालिका विद्या मंदिर जीवनधाम में शिक्षिका हैं। घर का इकलौता होने के कारण कम उम्र में ही उन पर परिवार की जिम्मेदारी आई गई लेकिन इसका बखूबी इसका सामना किया। शिक्षक माता पिता के घर जन्मे पीयूष को बचपन में ही शैक्षिक वातावरण मिला। मां के संघर्ष ने उन्हें हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इंटर टॉप कर पीयूष ने मां के आंचल को खुशियों के भर दिया है। पीयूष को गणित में 95, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान में 100-100, जीव विज्ञान में 99, अंग्रेजी में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। पियूष ने कहा कि अंकों से खुद का आकलन करना गलत है। पढ़ाई रटने के लिए नहीं करें। विषयों को समझना जरुरी है। गणित और भौतिक विज्ञान विषयों के सवालों का पूर्वाभ्यास करें। जो सवाल नहीं आता है उसे बार-बार हल करें।

# मेजर प्रणव लेह में शहीद

देहरादून। देहरादून जिले के भानियावाला के संगतियावाला गांव निवासी एक मेजर लेह में हाई एटीट्यूड पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। मेजर के शहीद होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। 18 आर्टिलरी बटालियन में तैनात सुदर्शन नेगी के बेटे मेजर प्रणव नेगी (36) लेह में ड्यूटी पर थे। मंगलवार सुबह सेना मुख्यालय से मेजर प्रणव के परिजनों को सूचना मिली कि स्वास्थ्य खराब होने से वह शहीद हो गए हैं। मेजर के शहीद होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मेजर के रिश्तेदारों और आसपास के लोगों ने शहीद मेजर के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। शहीद मेजर तीन भाई-बहनों सबसे बड़े थे। तीन साल पहले ही मेजर की शादी हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बेटा है।



चाचा नरेंद्र नेगी के मुताबिक, लेह में हाई एटीट्यूड में तैनाती के दौरान ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य बिगड़ने पर मेजर शहीद हो गए। प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। वो मूल रूप से थाती डांगर गांव कीर्तिनगर टिहरी के रहने वाले थे। मेजर प्रणव के दादा भी फौज में थे, जबकि पिता ने होटल लाइन में नौकरी कर तीनों बच्चों को मसूरी के प्रतिष्ठित स्कूलों से शिक्षा दिलाई। पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह नेगी ने बताया, बुधवार शाम तक मेजर का पार्थिव शरीर भानियावाला पहुंचने की संभावना है।

# बागेश्वर जनपद नंबर वन, मैदानी जिले पिछड़े

देहरादून (उद ब्यूरो)। प्रदेश में मंगलवार को उत्तराखंड बोर्ड के 10वीं और 12वीं के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। जिसमें पहाड़ के मुकाबले मैदानी जिलों का प्रदर्शन खराब रहा है। यह हाल तब है, जबकि मैदानी जिलों में पहाड़ की तुलना में शिक्षकों की संख्या और सुविधाएं ज्यादा है। 10वीं और 12वीं में उत्तीर्ण प्रतिशत में बागेश्वर जिला पहले नंबर पर है। वहीं, खराब परीक्षाफल वाले जिलों में देहरादून और हरिद्वार जिले शामिल हैं। प्रदेश के देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों में तैनाती के लिए शिक्षक पूरे साल एड़ी चोटी का जोर लगाए रहते हैं। इसके लिए विधायक, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक की सिफारिश लगवाते हैं। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि इन जिलों में अधिकतर विद्यालय सुगम क्षेत्र में हैं। पहाड़ की तुलना में यहां ज्यादा शिक्षक और सुविधाएं हैं, लेकिन उत्तराखंड बोर्ड के नतीजों की बात करें तो उत्तीर्ण प्रतिशत और मेरिट में पहाड़ के जिले छाए हुए हैं। 10वीं में बागेश्वर जिला 95.42 उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है। चंपावत 93.28 प्रतिशत के साथ दूसरे एवं अल्मोड़ा 93.16 प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर है। वहीं, परीक्षाफल में फिसड्डी रहे जिलों की बात करें तो हरिद्वार जिला नंबर एक पर और देहरादून दूसरे नंबर पर है। हरिद्वार जिले का पास प्रतिशत सबसे कम 87.71 प्रतिशत, देहरादून का 85.76 प्रतिशत, नैनीताल जिले का 86.61 प्रतिशत और ऊधमसिंह नगर जिले का उत्तीर्ण प्रतिशत 91.41 प्रतिशत रहा है। कुछ यही स्थिति 12वीं के नतीजों की है। प्रदेश में हरिद्वार जिले का परीक्षाफल सबसे खराब 76.13 प्रतिशत रहा है। उत्तरकाशी 79.02 प्रतिशत के साथ दूसरे और देहरादून 79.96 प्रतिशत के साथ खराब नतीजे वाले जिलों में तीसरे स्थान पर है। शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी के अनुसार उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में मैदानी जिलों का परीक्षाफल खराब रहने की वजह का पता लगाया जाएगा। विद्या समीक्षा केंद्र के माध्यम से एक-एक विद्यालय की स्थिति की जानकारी ली जा रही है।

# वरीयता सूची में ऊधमसिंह नगर का दबदबा

नैनीताल। हाईस्कूल हो या इंटर, दोनों ही परीक्षा परिणामों में प्रदेश में कुमाऊं मंडल के होनहारों का दबदबा रहा। हाईस्कूल की टॉप-25 वरीयता सूची में शामिल 216 बच्चों में से 118 बच्चे कुमाऊं मंडल के हैं। इनमें सर्वाधिक 37 होनहार ऊधमसिंह नगर जिले के हैं। बेशक बागेश्वर जिला ओवलऑल रिजल्ट में सबसे आगे हैं लेकिन हाईस्कूल की वरीयता सूची के मामले में यह जिला सबसे पीछे रहा। इस जिले के सिर्फ पांच बच्चे ही वरीयता सूची में स्थान पा सके। गढ़वाल मंडल में हाईस्कूल की वरीयता सूची में 98 बच्चों ने स्थान प्राप्त किया है। यहां भी सर्वाधिक 21 बच्चे मैदानी जिले हरिद्वार के हैं। टिहरी और उत्तरकाशी जिले वरीयता सूची में स्थान पाने में पीछे रह गए। इन दोनों जिलों के 10-10 बच्चे टॉपर्स की लिस्ट में स्थान हासिल कर पाए। इंटर के रिजल्ट में भी कुमाऊं के मेधावियों का कब्जा रहा। टॉप -25 की कुल 165 बच्चों की लिस्ट में 98 बच्चे कुमाऊं के हैं तो 68 होनहार गढ़वाल मंडल के हैं। इंटर की लिस्ट में भी वरीयता सूची में स्थान पाने वाले सर्वाधिक बच्चे मैदानी जिले यूएस नगर और हरिद्वार के हैं। इंटर में भी यूएस नगर के 37 और हरिद्वार के 18 बच्चे श्रेष्ठता सूची में स्थान पाए हैं। ऊधमसिंह नगर जिले के होनहारों ने फिर साबित कर दिया है कि वे सबसे अव्वल हैं। इस बार हाईस्कूल और इंटर के रिजल्ट में इस जिले के 37-37 बच्चे वरीयता सूची में स्थान पाने में सफल रहे। हाईस्कूल की वरीयता सूची में ऊधमसिंह नगर 37 नैनीताल 26 पिथौरागढ़ 22 अल्मोड़ा 22 चंपावत 06 बागेश्वर 05 कुल 118। हाईस्कूल की वरीयता सूची में गढ़वाल मंडल के जनपदों में हरिद्वार 21पौड़ी 17चमोली 14देहरादून 13रुद्रप्रयाग 13टिहरी 10उत्तरकाशी 10कुल 98। इंटर वरीयता सूची में कुमाऊं की स्थिति यूएस नगर 37 अल्मोड़ा 11 बागेश्वर 10 पिथौरागढ़ 12 चंपावत 08 नैनीताल 20। गढ़वाल मंडल के जनपदों में हरिद्वार 18 रुद्रप्रयाग 14 उत्तरकाशी 10 देहरादून 09 पौड़ी 05 चमोली 06 टिहरी 05 छात्र शामिल हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड आयुष विभाग पर एक लाख का जुर्माना

देहरादून। पतंजलि मामले पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में पर उत्तराखंड आयुष विभाग को फटकार लगाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने उत्तराखंड आयुष विभाग पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि पर हाल ही में भ्रामक विज्ञापन दिखाने पर डांट लगाई थी। जिसके बाद पतंजलि और बाबा रामदेव ने माफी भी मांगी थी। आज इस मामले पर हुई सुनवाई के दौरान उत्तराखंड आयुष विभाग को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई है। इसके साथ ही भारी-भरकम जुर्माना भी लगाया है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड आयुष विभाग की उत्तराखंड स्टेट लाइसेंसिंग अथॉरिटी पर भी जुर्माना लगाया है। कोर्ट में सुनवाई के दौरान उत्तराखंड स्टेट लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने कहा कि पतंजलि और उसकी इकाई दिव्या फार्मेसी के 14 मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस को 15 अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। जिसके बाद कोर्ट ने कहा है कि अब आप नींद से जागे हैं।कोर्ट ने कहा कि इस से ये पता चलता है कि जब आप कुछ करना चाहते हो तो आप पूरी तेजी से करते हैं। लेकिन जब आप कुछ नहीं करना चाहते तो इसमें सालों लग जाते हैं। आपने तीन दिनों के भीतर में एक्शन लिया लेकिन आप बीते नौ महीनों से क्या कर रहे थे? अब आप नींद से जागे हो। सुप्रीम कोर्ट ने लाइसेंस ऑथॉरिटी को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि वो केवल पोस्ट ऑफिस की तरह से काम कर रहे हैं। एससी ने ड्रग लाइसेंस अथॉरिटी के हलफनामे पर असंतुष्टि जताई। इसके बाद उन्होंने कहा कि इस तरह का ढीला-ढाला रवैया कतई भी ठीक नहीं है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि हम आपका हलफनामा स्वीकार करते हुए एक लाख रुपए का जुर्माना लगाते हैं।

# मतदाता सूची की त्रुटियों में हो तत्काल सुधार : सुनीता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी की सचिव श्रीमती सुनीता आर्य ने जारी एक बयान में कहा है कि नगर निकाय की मतदाता सूचियां जारी हो चुकी है। जिसमें काफी अधिक त्रुटियां है। कहीं सूचियों में बड़ी संख्या में



मतदाताओं के नाम छूटे है तो कहीं पूरी की पूरी गली ही छोड़ दी गई है। उन्होंने कहा कि कहीं पर यह बात भी सामने आ रही है कि कहीं नाम अधूरे है, कही नामों की मात्राये तक गायब है तो कही किसी वार्ड के मतदाताओं के नाम दूसरे वार्ड में दर्ज कर दिये गये है। मतदाता सूची उन्होंने कहा कि मतदाता सूची बनाने में काफी लापरवाही बरती गई है। इन गलतियों के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोकसभा में कम मतदान होने का मुख्य कारण मतदाता सूची का सही तरह से न बनना था। अगर मतदाता सूची सही तरह से बनी होती तो मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता। किसी मतदाता का दो-दो विधानसभाओं में नाम है। अगर बीएलओ घर-घर जाकर सही से काम करे तो आने वाले नगर निकाय चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी बढ़ जायेगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया अजय भट्ट का जन्म दिन

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद अजय भट्ट का जन्मदिन लोनिवि गेस्ट हाउस में मिष्ठान करते हुए धूमधाम से मनाया। जिला महामंत्री सतीश गोयल के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सांसद अजय भट्ट की दीर्घायु की कामना की एवं मिष्ठान्न वितरण किया। इस



अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संतोष अग्रवाल, नंदन खड़ायत, अमित कुमार पांडे, कामिल खान, तारिक मालिक, मुकेश रोहिल्ला, गोकुल ओली, राहुल सक्सेना, किशन बिष्ट, ललित जोशी, करण यादव, गोविंद टम्टा, दीपक तिवारी, शकूर अहमद, मुकेश राणा मोजूद रहे।

# टॉपर छात्राओं की माताओं को किया सम्मानित

गदरपुर(उद संवाददाता)। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर में नए सत्र के प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत



नव प्रवेशित बालिकाओं को पाठ्य सामग्री का सैट निशुल्क प्रदान किया गया। नव प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि आर्या एवं अभिभावक संघ की अध्यक्षा श्रीमती नादरा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया गया। प्रधानाचार्या द्वारा नव प्रवेश की छात्राओं के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। साथ ही नव प्रवेशित छात्राओं को उचित गणवेश तथा नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने बताया कि कक्षा 12 तथा कक्षा 10 में 75% से अधिक अंक प्राप्त करने वाली सात छात्राओं की माताओं को स्वर्गीय कमला नेहरू पुरस्कार के रूप में 1000 की धनराशि का चेक भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रश्मी आर्य के अलावा प्रवक्ता नंदिनी शर्मा, कुसुम लता, माया भोज, उर्वशी गंगवार, मिनती विश्वास, नीरू जोशी ,नीरजा वर्मा, निधि पनेरु, नीतू नेगी, ललिता, अंजलि मिश्रा, गुड़िया रानी ,दीपा, तारा जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी नितेश शर्मा ,देवेंद्र रौतेला, मोहम्मद रोजा दीन, रश्मि आदि के अलावा कार्यक्रम का संचालन कर रही निधि पनेरू तथा अन्य शिक्षक एवं अभिभावक गण सहित बच्चे मौजूद थे।

# निकाय चुनाव एकजुट होकर लड़ाने का निर्णय

सितारगंज (उद संवाददाता)। कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में नगर निकाय चुनाव एकजुट होकर लगाने का निर्णय लिया। मीटिंग में बताया गया कि पालिका सीट सामान्य, पिछड़ी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति होने की स्थिति में चार चार नाम का पैनल जिले में भेजा जाएगा। बुधवार को कांग्रेस कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। जिसमें प्रस्तावित नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी और 13 वार्डों में घोषित सभासदों को एकजुट होकर लड़ाने का निर्णय लिया गया।



चुनाव में चौयरमैन और सभासद प्रत्याशियों के चयन के लिए पहले नगर कार्यकारिणी में नाम तय कर जिले में भेजा जाएगा। नगर अध्यक्ष सरताज अहमद ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में सीट सामान्य, पिछड़ी, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति या महिला होने की स्थितियों में चार चार नाम का पैनल बनाकर जिले में भेजा जाएगा। जिनके नाम प्राप्त हो चुके है। सभी कार्यकर्ताओं से नगर निकाय चुनाव में एकजुट होने का निर्णय लिया है। बैठक में नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, कार्यकर्ता नवतेज पाल सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष हरप्रीत सिंह हैप्पी, हरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, अख्तियार अहमद पटौदी, हरीश दुबे, शाकिर अली, जमील अली, जिलानी अंसारी, साहब सिंह, राम नगीना प्रसाद, सोनू जायसवाल, विपिन खोलिया आदि मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाया अजय भट्ट का जन्म दिन

गदरपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट के जन्मदिन के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी गदरपुर मंडल द्वारा बड़ी संख्याओं में कार्यकर्ताओं के साथ मीठे शरबत का वितरण कर अजय भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने अजय भट्ट को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि नैनीताल उध



म सिंह नगर लोकसभा सीट से सांसद अजय भट्ट जितने सरल हैं उतने ही लोकप्रिय भी हैं। इस अवसर पर भाजपा नेता राजेश कुमार मिन्नी,परमजीत सिंह पम्मा,बाबू सिंह तोमर,पंकज सेतिया,नरेश हुड़िआ, मनोज गिरी, हरीश रहलन, मुकुल सुखीजा ,मनोज गुंबर मिंटू ,समन मुंजाल,कपिल कुमार,जसवीर चीमा, मनोज शर्मा ,आकाश कोचर ,ज्योति अरोड़ा,आरती शर्मा ,रिंकी हितकारी, अभिषेक वर्मा ,निर्मल नारंग, सतीश छाबड़ा,अशोक छाबड़ा, हरलोक नामधारी ,मुनि भुसरी, हैप्पी चंद्रा, तुषार कोचर ,मिंटू रस्तोगी ,कुणाल रस्तोगी, वासु ,रजत गाबा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा नेता जोशी ने सुनी समस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी ने अल्केमिस्ट रोड में स्थानीय जनता से मुलाकात की एवं उनकी समस्याएं सुनी। जनता संवाद कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनता ने रमेश चंद्र जोशी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विभिन्न विभागों संबंधित समस्याओं के निराकरण के लिए रमेश चंद्र जोशी ने संबंधित अधिकारियों से वार्ता की एवं तुरंत समस्याओं के निर्धारण का जनता को आश्वासन दिया। रमेश चंद्र जोशी ने कहा कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री खटीमा विधानसभा को आदर्श विधानसभा बनाना चाहते हैं जिसके लिए जनता के बीच जाकर खटीमा के विकास के लिए किस प्रकार की योजनाएं बनाये जाने के लिए मंथन किया जा रहा है। आचार संहिता समाप्त होते ही नवनियुक्त सांसद खटीमा के क्षेत्र के विकास में बहुत सी योजनाएं लागू करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूरज धामी, करण यादव, आनंद मेहता, अनीता ज्याला, राकेश तिवारी, प्रेमचंद, प्रकाश जोशी, केपी सिंह, मनोहर मेहता, शांति देवी, पूजा धामी, रेखा जोशी, विनीता धामी, मनोरमा आदि स्थानीय निवासी मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**बारातियों की कार ..** रेणु मंडल की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। जबकि अन्य सात लोग घायल हे गये। घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे में तीन लोगों की मौत की खबर मिलते ही शक्तिफार्म में शोक की लहर दौड़ गयी। साथ ही विवाह की खुशियां मातम में बदल गयी।

**एनएच ने कांग्रेस...**के तुषार गुप्ता, तहसीलदार दिनेश व एसएसआई केसी आर्या टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उनकी पहले से मौजूद लोगों से तीखी नोंक झोंक हुई। बाद में जेसीबी मशीन की मदद से टीम ने अधिकृत की जाने वाली भूमि पर कब्जा ले लिया। एनएच अधिकारियों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जायेगा। मौके पर भू स्वामी द्वारा भूमि पर प्रोपर्टी कार्यालय खोला गया है।

**अवैध रूप से बगीचा...**काटने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की गई है। तहसीलदार कुलदीप पांडे ने बताया कि लगातार शिकायतें मिल रही है कि फल पट्टी क्षेत्र में भूमि माफियाओं एवं बगीचे स्वामियों द्वारा फलदार वृक्षों को अवैध रूप से काटा जा रहा है। उन्होंने कहा कि कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की सीमा के 2 किलोमीटर अंदर तक ऐसे मामलों में सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग की है जबकि 2 किलोमीटर से बाहरी क्षेत्र में यदि फलदार वृक्ष काटे जाते हैं तो उसकी जिम्मेदारी उद्यान विभाग की है। उन्होंने कहा कि चिलकिया में जो बगीचा अवैध रूप से काटा गया मौके पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि मौके पर आम और लीची के वृक्ष काटे गए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले में उद्यान विभाग के अधिकारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं तथा मामले की जांच की जा रही है साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि इस प्रकार के कुछ और भी मामले सामने आए हैं इनके खिलाफ भी नियमानुसार में अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**घर के बाहर..**धमकियां देकर साथियो के साथ भाग गये। घटना के बाद से उसे अपनी जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर पंचायत नानकमत्ता से नवीन अटवाल ने ठोकी ताल

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। भाजपा के युवा नेता एंव व्यापारी नवीन अटवाल ने नगर पंचायत के चुनाव में चेयरमैन पद के लिए भाजपा से दावेदारी जताई है। नवीन अटवाल ने अपनी दावेदारी जताते हुये कहा कि हर वर्ग के सम्पर्क में है, और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता है, ऐसे में वह युवाओं की पसंद के साथ ही हर वर्ग में अपनी पैठ रखते है। समाज सेवा का जज्बा लिए नवीन ने दावा किया है कि उन्हें सभी वर्ग के लोगों का खासा समर्थन मिल रहा है। अगर पार्टी ने टिकट नही मिलता है तो वह समान्य सीट आने पर निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरने को तैयार है। जिसके लिए उन्होंने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। उनकी दावेदारी मजबूत है, और पहले से ही समाज सेवा से लगातार जुड़े है। उन्होंने दावा करते हुये कहा कि क्षेत्र के कई भाजपाई उनको चुनाव लड़ाने की मंशा जता चुके है। उन्होंने कहा कि जल्दी वह क्षेत्र के विकास कार्यो का रोड मैप तैयार कर जनता के सामने रखेंगे, जिसमें नानकमता नगर पंचायत क्षेत्र की प्रमुख समस्याएं शामिल होंगी



# दवा छिड़काव के दावे हवाई साबित

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर पंचायत में मच्छरों के प्रकोप के चलते नगर में बीमारियां फैल रही है, वही नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी के रोजाना हर वार्ड में दवाई के छिड़काव के दावे से क्षेत्र के लोग हैरान है। कल बंदी दिवस में पानी में बिना दवाई मिलाकर छिड़काव कर खानापूर्ति से नगर में नगर पंचायत की भूमिका की चर्चा जोरों पर है। गौरतलब है कि गर्मियों को प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है ,ऐसे में नालियों की सफाई न होने व दवाई का छिड़काव न होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ता रहा है। मच्छरों के प्रकोप के चलते कई वार्डो के लोग बीमार है, खटीमा के से लेकर सितारगज अस्पताल व नानकमत्ता के स्थानीय क्लीनिकों में मरीजों की भरमार है। नगर के सात वार्डो की अधिकतर नालियां चौक पड़ी है। जिससें मच्छरों का प्रकोप बढ़ना लाजिमी है। नगर पंचायत में दवाईयों का छिड़काव करने की कोई खास व्यवस्था नही है। 30 अप्रेल को बंदी दिवस में खानापूर्ति के लिए छिड़काव किया गया, उसमें दवाई थी या नही इस पर भी क्षेत्र के लोगों ने संदेह जताया है, क्योंकि दवाई का छिड़काव सांयकाल करने के बजाए दिन में कर दिया गया। वही कुछ नालियों की सफाई जरूर कराई गई। लेकिन अधिशासी अधिकारी प्रियंका के हर वार्ड में दवाई छिड़काव के दावें को लोगों को एक सिरे से झुठला दिया।

# छिड़काव का दावा झूठाः धर्म सिंह

नानकमत्ता। उत्तराखण्ड सरकार से नामित सभासद पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष धर्म सिंह विष्ट ने नगर पंचायत के अधिकारियों के दावे को एक सिरे से खारिज करते हुये कहा कि नगर में किसी वार्ड में कोई छिड़काव नही किया जा रहा है, दिखाने के लिए नगर में एक दो दिन खानपूर्ति कर सरकार के पैसों को ठिकाने लगाने का काम किया जा रहा है। फर्जी बिल बनाने पर इसकी जांच कराई जायेगी। जिसकी षिकायत उच्चधिकारियों सहित मुख्यमंत्री से करने से पीछे नही हटेंगे ।



# मृतक महिला आल्टो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने मृतक महिला आल्टो कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बनबसा निवासी प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 रामप्रसाद ने थाने में दी तहरीर में कहा है कि 12 अप्रेल को वह करीबन 5 बजें अपनी टाटा सूमो संख्या यू0 के0 03टी0 ए0 1290 से बनबसा से रूद्रपुर की ओर जा रहा था कि नानकमत्ता में खकरा पुल के पास एक आल्टो कार जो कि सितारगंज की ओर से तेजी से आ रही थी , जिसने टाटा सूमो को टक्कर मार दी। जिससे प्रार्थी के साथ ही महिला आल्टो चालक को भी गंभीर चोट आई। महिला की सितारगंज अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने टाटा सूमो चालक की तहरीर पर मृतक महिला आल्टो कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है।

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए 8वीं/10वीं पास युवकों की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन प्लाट नं. 12, सेक्टर IIDC सिडकुल, रूद्रपुर, मो. 9654467133

# हज कमेटी के चेयरमैन ने अग्नि काण्ड प्रभावितों को पहुंचाई मदद

सितारगंज (उद संवाददाता)। लौका गांव में शॉर्ट सर्किट से लगी आग के कारण दो भाइयों की झोपड़ी और उसमें रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर हज कमेटी चेयरमैन खतीब अहमद ने पहुंचकर आग से हुए नुकसान का जायजा लेकर प्रभावित को नगद आर्थिक मदद, राशन आदि की व्यवस्था कराई। मंगलवार की शाम ग्राम लौका निवासी भरत कुमार, अर्जुन कुमार की झोपड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग से दोनों भाइयों के घरों में रखा घरेलू सामान अनाज, भूसा आदि जलकर राख हो गया। तत्काल ग्राम प्रधान राजेंद्र उर्फ बंटी मौके पर पहुंचे। सूचना मिलने पर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष को मौके पर भेजा। उन्होंने आज से हुए नुकसान का आकलन कर कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के निर्देश पर राज्य हज कमेटी अध्यक्ष खतीब अहमद ने प्रभावित परिवार की नगद आर्थिक मदद, राशन आदि की व्यवस्था कराई। उन्होंने प्रभावित परिवार को मुख्यमंत्री राहत कोष से भी मदद दिलाने का आश्वासन दिया है।



# मदरसा कमेटी के प्रशासन को गिरफ्तारी की धमकी का विरोध

खटीमा(उद संवाददाता)। रहमानिया मदरसा कमेटी के प्रशासक कामिल खान को राजस्व विभाग द्वारा फोन पर गिरफ्तारी की धमकी देने के विरोध में भाजपा प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व मे आक्रोशित लोगों ने एसडीएम से मुलाकात कर विरोध प्रकट किया। इस दौरान कामिल खान ने बताया कि पुरानी कमेटी के द्वारा मस्जिद में बनी दुकानदारों से मार्च माह तक का एडवांस किराया वसूल किया जा चुका है उनके प्रशासन नियुक्त होने पर मात्र 11000 रहमानिया कमेटी के कोष में था। अब नगर पालिका एवं राजस्व प्रशासन द्वारा 2,83,000 रुपए की वसूली जमा न होने पर उन्हें जेल भेजने का नोटिस जारी किया जा रहा है। उनके विरुद्ध नोटिस जारी होना गैरकानूनी है। कमेटी का प्रयास है कि सभी प्रकार के बकाया जमा कराया जाये। इसके लिए कमेटी प्रयासरत है। रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में लोगों ने एसडीएम से मुलाकात कर समस्या का निरकरण करनेी मांग की। एसडीएम खटीमा ने कमेटी और अधिक समय देने का आश्वासन दिया। एसडीएम से मुलाकात करने वालों में नगर महामंत्री मनोज बाधवा, 17 सूत्री क्रियान्वयन समिति के सदस्य तारीख मलिक,सतीश गोयल ,राहुल सक्सेना ,तरुण ठाकुर,अब्दुल शकूर,शकील अंसारी,जावेद रजा आदि शामिल थे।

# हाकर्स कमेटी ने प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। हाकर्स ज्वाइंट एक्शन कमेटी ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। कार्य होने शेष हैं। ज्ञापन में पथ विक्रेताओं की आजीविका व सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश समन्वयक




जिमें कहा गया है कि पथ विक्रेता अधिनियम 2014 में लागू हुआ। इसके क्रियान्वयन में कई जरूरी कदम भी उठाये गये। लेकिन इसमें अभी भी कई योगेश कुमार, महानगर अध्यक्ष सूरज सिंह कश्यप, हिमांशु शर्मा, नन्हें सागर, रामचन्द्र राठौर, सोनू रस्तोगी व ओमप्रकाश कश्यप शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गंदे पानी के बीच हजारों लोगों का जीना हुआ दुश्वार

## गंभीर समस्या से है हजारों लोग प्रभावित, निकाय चुनाव में कालोनी वासियों की उपेक्षा भाजपा को पड़ सकती है भारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले काफी वर्षो से सड़कों और नालों को लेकर संघर्ष कर रहे जनपथ रोड स्थित कालोनी वासियों की कोई सुध लेने को तैयार नही है। बिना बरसात के ही सड़कों पर भरे गंदे पानी के बीच अपनी दिनचर्या व्यतीत कर रहे वांशिन्दों को अब सिर्फ प्रदेश के मुखिया से ही आस रह गई है। मामला नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड 1 का है। जहां जनपथ रोड के दोनों तरफ बसी कालोनियों के लोग आधारभूत विकास से वंचित है। जनपथ रोड के दोनों और बसी कालोनियों में रह रहे हजारों लोग पिछले काफी समय से एक नाले के निर्माण की मांग कर रहे है। दरअसल मामला यह है कि पिछले कुर्छ वर्षो के भीतर जनपथ रोड के दोनों तरफ ज्येष्ठा कालोनी,कृष्णा अपरा कालोनी, सीकेजी कालोनी, जीपी नगर फेस–2 कालोनी,रूद्राक्ष कालोनी,वनखण्डी कालोनी,वसुन्धरा कालोनी,शिव गार्डन कालोनी सहित कई कालोनियॉ बन गई है और इन कालोनियों में हजारों लोग निवास कर रहे है। इन कालोनियों में जलनिकासी की व्यवस्था तो है लेकिन कालोनी से बाहर जल निकासी के लिये कोई नाला नही है। जब भी कभी बरसात आती है तो इन कालोनियों में जल भराव हो जाता है और बरसातों के दिनों में तो यहां कई कालोनियों में 7–7 फुट से ऊपर पानी भर जाने से अधिकांश घरों में पानी भरा रहता है। जनपथ रोड के दोनों और नाले के निर्माण को लेकर कालोनी वासियों द्वारा पार्षद,मेयर,विधायक आदि जनप्रतिनिधियों सहित नगर निगम के अधिकारियों और डीएम तक के दरबार मे अपनी अर्जी लगाई जा चुकी है। लेकिन इन लोगों को आश्वासन के सिवाय कभी कुछ हासिल नही हुआ। जनपथ रोड की खस्ता हालत पर किच्छा विधायक का ध्यान जरूर गया और उन्होंने हाल ही में विधायक निधि से इस पर काम शुरू करवा दिया है लेकिन नाले को लेकर अभी तक धरातल पर कोई ठोस पहल शुरू नही हो पाई। पिछले कई सालों से गंदे पानी के बीच अपना जीवन यापन कर रहे कालोनीवासियों का पिछले दो वर्षो से जीना काफी दुश्वार है। दो वर्षो से पूर्व बरसात का पानी जनपथ रोड के दोनों ओर बचे हुये खेतों में चला जाता थ लेकिन अब वहां भी कालोनियां बन जाने से बरसात के पानी की निकासी बिल्कुल ही बंद हो गई है। जिसके चलते कालोनियों में रहने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।



पिछले दो–तीन वर्षो से रूद्रपुर और उसके आस–पास क्षेत्रों में हल्की बरसात में ही जलभराव की स्थिति बन जा रही है इससे बुरे हालात जनपथ रोड स्थित कालोनियों के है। उन दिनों को मंजर याद कर कालोनिवासियों के आज भी रोंगटे खड़ै हो जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले दो–तीन वर्षो में बरसात के दिनों का मंजर याद कर आज भी उनकी रूह कॉप जाती है। चारों तरफ पानी और उसके बीच में उनके घर जिनमें अन्दर तक पानी भर गया था। ऐसे हालात इस बार न हो इस लिये पिछले काफी दिनों से पार्षद,मेयर,विधायक आदि जनप्रतिनिधियों सहित आला अधिकारियों के यहां ज्ञापन दे चुके है लेकिन अभी तक कोई ठोस पहल शुरू नही हो पाई। कालोनी वासियों ने बताया कि नगर निगम अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर कई बार नापतौल की जा चुकी है, यहां तक कि पार्षद के प्रयासों से नगर निगम की बोर्ड में नाला निर्माण को लेकर प्रस्ताव भी पास हो चुकी है लेकिन अभी तक वहां कोई काम नही शुरू हो पाया। उन्होंने कहा कि अभी आम दिनों में ही वहां गंदा पानी भरा रहता है। बरसातों में तो उनका इस बरस भी जीना दुश्वार हो जायेगा। वर्षा ऋतु आने में मात्र अभी दो माह का समय बचा है यदि शीघ्र वहां नाला निर्माण को लेकर कार्य शुरू नही हुआ तो उनके सामने गंभीर समस्या उत्पन्न हो जायेगी। कालोनी वासियों का कहना है कि वह स्थानीय स्तर पर शासन–प्रशासन सभी को अपनी समस्याओं से अवगत करा चुके है लेकिन उन्हे इस गंभीर समस्या से कोई राहत नही मिल पा रही अब सिर्फ उन्हे प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से आस रह गई है। बहरहाल कालोनी वासियों द्वारा पिछले काफी समय से जल निकासी के लिये नाला निर्माण की मांग की जा रही है। उपरोक्त कालोनियों में करीब 8 से 10 हजार मतदाताओं का आंकलन है जो निकाय चुनाव के परिणाम का रूख पलटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। यदि समय रहते भाजपा सरकार द्वारा जनता की इस समस्या का निस्तारण नही कराया तो आगामी निकाय चुनाव में भाजपा को गहरी चोट खानी पड़ सकती है।







## परेशान हजारों लोगों ने निकाय चुनाव में मतदान बहिष्कार का किया ऐलान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपथ रोड के दोनों तरफ दर्जनों कालोनियां बनी हुई है। जिनमें मुख्य रूप से ज्येष्ठा कालोनी,कृष्णा अपरा कालोनी, सीकेजी कालोनी,जीपी नगर फेस–2 कालोनी,रूद्राक्ष कालोनी,वनखण्डी कालोनी, वसुन्धरा कालोनी,शिव गार्डन कालोनी आदि कालोनियां है। जहां हजारों लोग निवास कर रहे है जिनमें करीब 8 से 10 हजार मतदाता भी है। उनका कहना है कि यदि बरसात से पहले जल निकासी को लेकर शासन–प्रशासन ने कोई ठोस पहल नही कई गई तो वह निकाय चुनाव में मतदान का बहिष्कर करेंगे। जनपथ रोड स्थित कालोनियों में रहने वाले कुलदीप शर्मा, गिरीश कबडाल, राकेश कुमार सिंह, कृष्ण गोपाल, जीवन भट्, अजीत चतुर्वेदी, नन्दन रावत,मनोज दास, राजेश रस्तोगी, कृष्ण कुमार चौधरी, शक्ति सावंत, संजय यादव, विकास कश्यप,नरवीर सिंह, अनूप मिश्रा, राम गोपाल, बिट्टू चौधरी,गोपाल सिंह विष्ट,उमेश गंगवार, तरूण झा, रोहित भट्ट, राम दत्त यादव, कलावती जोशी, शेर पाल सिंह आदि लोगों ने अभी से ही निकाय चुनाव में मतदान का बहिष्कार का ऐलान भी कर दिया है।

## जनप्रतिनिधियों के चक्कर काट चुके लोगों को अब धाकड़ धामी से ही उम्मीद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंदे और बरसाती पानी की समस्या से जूझ रहे जनपथ रोड स्थित कालोनी वासियों को अब सिर्फ प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से ही आस बची है। कालोनी वासियों का मानना है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी जनता की समस्याओं के निस्तरण के लिये त्वरित और कठोर निर्णय लेते है जिसके चलते उन्हे प्रदेश ही नही बल्कि देश में धाकड़ धामी के रूप में जाना चाहता है। उन्होंने कहा कि वह स्थानीय स्तर पर सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से अपनी समस्या के सम्बंध में अवगत करा चुके है लेकिन अभी तक धरातल पर कोई कार्रवाई नही हो पाई। कालोनीवासियों को अब सिर्फ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी से ही उम्मीद बची है। वह समाचार पत्र के माध्यम से उनसे आग्रह करते है कि वह अधिकारियों को निर्देशित करे कि उन्हे इस गंभीर समस्या से निजात दिलाई जाये। कालोनी वासियों ने कहा कि वह शीघ्र ही इस सम्बंध में श्री धामी से मुलाकत कर उन्हे ज्ञापन सौपेंगे और इस समस्या के निस्तरण की मांग करेंगे। उन्हे उम्मीद है कि श्री धामी इस पर त्वरित कार्रवाई


